www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

07 फरवरी 2026
हरदा, शनिवार
वर्ष-15, अंक - 244, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
फाल्गुन कृष्णा पक्ष - 6
विक्रम संवत् 2082

● राज्य सरकार किसान, उद्योग और व्यापार को साथ लेकर तैयार कर रही है विकास का नया मॉडल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में

## किसानों के हितों से समझौता नहीं

● केन्द्रीय बजट के आधार पर तय हो रही हैं वैश्विक नीतियां ● उड़द और मसूर का उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध






अनोखा तीर, भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का फूड बॉस्केट बन चुका है। मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। राज्य सरकार किसान, उद्योग और व्यापार को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। राज्य सरकार जमीन हो या मशीन हर स्तर पर किसानों और व्यापारियों को अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार ने तुअर से मंडी टैक्स हटाया है, इससे दाल मिल उद्योग को लाभ मिलेगा। उड़द और मसूर पर भी राहत देने का विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में दालों का विशेष महत्व है। मूंग और मसूर की दालों पर मुहावरे बन गए। दालों से हमें प्रोटीन मिलता है। यह गर्व का विषय है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक और उपभोक्ता देश है। शाकाहारी संस्कृति में दालें प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन्दौर में ऑल इंडिया दाल मिल एसोशिएशन के ग्रेन-एक्स इंडिया प्रदर्शनी अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में दूध और दलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में मसूर और उड़द उत्पादन को बढ़ाने के लिए शीघ्र ही बोनस देने की योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण पर भी जोर दिया जा रहा है। इससे किसानों सहित उद्यमियों को भी लाभ होगा, इंदौर में उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। मध्यप्रदेश देश के मध्य में है, यहां से रोड, रेल और हवाई हर तरह की बहुत अच्छी कनेक्टिविटी है। प्रदेश में एयरकार्गो के विकास की दिशा में प्रयास जारी हैं, जिससे व्यापार व्यावसाय विस्तार को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दाल मिल से संबंधित उद्यमियों, मशीन निर्माताओं, निर्यातकों, व्यापारियों, कृषकों, आदि के साथ राज्य सरकार के प्रतिनिधियों की कार्यशाला शीघ्र ही भोपाल में आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की एक विशिष्ट छवि बनी है।

### तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन की तीन दिवसीय प्रदर्शनी ग्रीन एक्स का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में दाल मिलिंग, मसाला मशीनरी, फ्लोर मिल, राइस मिल सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी में कनाडा, तुर्की, ताइवान, स्पेन, ब्रिटेन, चीन, इंग्लैंड सहित भारत के विभिन्न शहरों से आई आधुनिक मशीनों का भी प्रदर्शन किया गया है।

### स्वामीनारायण मंदिर में किये दर्शन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के पहले स्वामीनारायण मंदिर पहुँचकर दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें

● प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जबलपुर के छात्र आयुष के प्रश्न पर दिया जवाब

अनोखा तीर, भोपाल।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर के छात्र श्री आयुष तिवारी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से प्रश्न किया कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, उसे कैसे मैच करें? इस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विद्यार्थियों को समझाते हुए शिक्षकों से भी आग्रह किया कि अपने अध्यापन की स्पीड विद्यार्थियों के सीखने की गति के अनुरूप रखें।

### 2018 से लगातार हो रहा आयोजन

प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम का 9वां संस्करण था।

## सीधी में पहाड़ी पर मिला रहस्यमयी जीवाश्म

**सीधी (एजेसी)।** सीधी जिले के ग्राम कोरौली कला के अतरौला पहाड़ी पर संदिग्ध जीवाश्म (फॉसिल) मिला है। सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों के अनुसार, यहां 11 से 12 मीटर लंबी विशाल हड्डियां देखी गई हैं। इस खोज से इलाके में उत्सुकता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग और सिहावल एसडीएम को इसकी सूचना दी थी।



### बच्चों ने बिखेरी हड्डियां

अतरौला निवासी नारायण केवट ने बताया कि जब उन्हें पहाड़ी पर विशाल हड्डियां दिखीं, तो उन्होंने सरपंच को सूचित किया। हालांकि, मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस दौरान कुछ बच्चों ने हड्डियों को इधर-उधर फेंकना शुरू कर दिया, जिससे ऐतिहासिक साक्ष्यों को नुकसान पहुंचने का खतरा पैदा हो गया।

## बाइक का पहिया उड़ा, तीन की मौत

● बड़वानी में सामने से टकराई थी पिकअप, सात लोग सवार थे, मकान की छत भरकर लौट रहे थे

अनोखा तीर, बड़वानी।

बड़वानी में एक बाइक और पिकअप वाहन आमने-सामने टकरा गए। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हैं। हादसा गुरुवार देर रात बरू फाटक और ठीकरी के बीच हुआ।

ठीकरी थाना पुलिस के मुताबिक, हादसा घोलनिया फाटे (गोलानिया फाटा कट पॉइंट ए बी रोड) के पास हुआ। बाइक पर सवार दो युवक ठीकरी से जुलवानिया की ओर जा रहे थे, जबकि पिकअप वाहन बरूफाटक से ठीकरी की ओर आ रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला पहिया निकलकर दूर जा गिरा।





हादसे में बाइक सवार विनोद मुजाल्दे (19) और राजेश मुजाल्दे (22) की मौत हो गई। दोनों बालकवाड़ा के रसवां गांव के थे। वहीं पिकअप सवार एक महिला रोशनी सस्ते (20 वर्ष, निवासी समरतलाई, थाना ठीकरी ने भी दम तोड़ दिया।

### घायल बड़वानी जिला अस्पताल रेफर

पिकअप पलटने से उसमें सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें रोशनी द्वार (19) निवासी समरतलाई और केसरी बाई पति सोनू (42) निवासी समरतलाई शामिल हैं। इन दोनों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया है।

इसके अलावा ललिता डावर (17) निवासी समरतलाई, थाना ठीकरी, शर्मिला (30) निवासी रूपखेड़ा, हीरालाल लाल (30) निवासी रूपखेड़ा और बबलू सिंह (18), निवासी रूपखेड़ा) को मामूली चोटें आई हैं। पिकअप में करीब सात लोग सवार थे, जो राजपुर से मकान की छत भरकर रसगांव स्थित अपने घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही ठीकरी स्वास्थ्य केंद्र पर मृतकों और घायलों के परिजनों की भीड़ जमा हो गई।

पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट...को हुए 2 साल



## न दोषियों को सजा मिली न मिली पूरी राहत

अनोखा तीर, हरदा।

6 फरवरी 2024 के दिन को हरदा का कोई भी नागरिक नहीं भूल सकता। कुछ लोगों के लालच के कारण इस दिन जहां 13 लोगों की जान चली गई, वहीं सैकड़ों लोग इस अवैध व्यापार के कारण घायल हो गए। कई लोगों के इलाज तो 2 साल बाद भी चल रहे हैं। बैरागढ़ में स्थित अग्रवाल बंधुओं की इस पटाखा फैक्ट्री में अनुमान से अधिक बारूद और अन्य विस्फोटक सामग्री के साथ हजारों लाखों की तादाद में सुतली बम रखे हुए थे। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में जब छोटी सी चिंगारी ने उस पटाखा फैक्ट्री में आग पकड़ी तो जहां वह पक्की पटाखा फैक्ट्री तो जमींदोज हुई थी, वहीं आसपास लगे 50 मकान भी पूरी तरह ध्वस्त हो गए। धमाका इतना तीव्र था कि पूरे हरदा शहर में भूकंप की तरह धरती कांप उठी। लोगों के शव दूर-दूर तक उड़कर फिका गए। राह पर चलने वाले राहगीर भी इस पटाखा फैक्ट्री के विस्फोट के कारण मृत्यु तक के शिकार हो गए। हरदा में हुए इस पटाखा फैक्ट्री की गूंज देश ही नहीं विदेश तक गूंज उठी। तत्काल मदद के लिए तो सैकड़ों हाथ उठ खड़े हुए, लेकिन 2 साल बीतने के बाद एक-दो लोगों को छोड़ दिया जाए तो कोई उनकी ओर झांकने को भी तैयार नहीं है। 7 परिवार अभी तक राहत शिविर में ही रहने को मजबूर हैं।

● **हरदा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में हुई थी 13 लोगों की मौत, 300 लोग हुए थे घायल**

देखने वाली बात यह है कि इस पटाखा फैक्ट्री को अवैध रूप से संचालित करने वाले व्यापारी बंधुओं को अभी तक सजा नहीं मिल पाई है। प्रशासन की ओर से भी जो राहत राशि पीड़ितों को प्राप्त होनी थी, वह भी अभी तक पूरी तरह से नहीं मिल पाई है।

NATIONAL SC-ST HUB Safalta ki pehchaan
भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES
Celebrating 70 YEARS एन एस आई सी NSIC

अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को अवसर प्रदान करने हेतु
नेशनल एससी-एसटी हब योजना

अक्टूबर 2016 से
एससी-एसटी इकाईयों से सरकारी खरीद 38 गुना बढ़ी
1.5 लाख से अधिक एससी-एसटी उद्यमी लाभान्वित

मुख्य लाभ
- ₹25 लाख तक की सब्सिडी
- निःशुल्क क्षमता निर्माण प्रशिक्षण
- विक्रेता विकास एवं बाजार संपर्क सहायता
- प्रतिस्पर्धात्मकता संवर्धन सहयोग

CBC 25106/15/0001/2526



"एम एस एम ई हमारे देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। हम इस क्षेत्र के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"
— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.scsthub.in
राष्ट्रीय एससी-एसटी हब फॉलो करने के लिए QR code स्कैन करें

## सार-समाचार

### डीजे व घोड़े पर प्रतिबंध, समाज ने शुरु की नई पहल

**अनोखा तीर, रहटगांव।** रहटगांव तहसील क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र में गौलान समाज उत्थान सेवा संघ द्वारा समाजहित में एक सराहनीय पहल की गई। समाज को फिजूल खर्च से बचाने, समय की बचत करने, लड़ाई-झगड़े की स्थिति से बचने तथा परिवारों को कर्ज में डूबने से रोकने जैसे अनेक बिंदुओं



को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। इसी क्रम में 5 फरवरी 2026 को ग्राम गोराखाल में वर आनंद/किशोरीलाल की परिणय संध्या/गुरवचन के शुभ विवाह अवसर पर डीजे और घोड़े के स्थान पर पारंपरिक शहनाई बाजे का उपयोग किया गया, जिसने उपस्थित सामाजिक बंधुओं का मन मोह लिया। इस अनूठी पहल की सभी ने खुलकर सराहना की। वर-वधु पक्ष के दोनों परिवारों को सामाजिक नियमों का पूर्ण रूप से पालन कर समाज को नया संदेश देने के लिए सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह पहल गौलान समाज के सभी भाइयों के लिए अनुसरणीय संदेश मानी जा रही है, जिसका निश्चित रूप से समाज के अन्य लोग भी पालन करेंगे। इस सराहनीय कार्य के लिए दोनों परिवारों एवं पूरे गौलान समाज का जिला कार्यकारिणी हरदा की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया।

### अंतर-विद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**अनोखा तीर, भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सीनियर वर्ग का फाइनल राउंड भी आयोजित हुआ, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपम



राजन, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामजी अवस्थी, एयरपोर्ट डायरेक्टर, राजा भोज विमानतल, भोपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम टी. रविचंद्रा, उप-महाप्रबंधक, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना की सराहना की गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर जिज्ञासा बनाए रखने तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग के अंतिम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, विश्लेषणात्मक सोच एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा। यह कार्यक्रम केनरा बैंक, न्यू मार्केट शाखा, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सीधा प्रसारण

**अनोखा तीर, टिमरनी।** आगामी सप्ताह से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी में छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। कार्यक्रम में पार्षद सुनील दुबे, पार्षद रानी कनेरे, शाला



प्राचार्य ज्योति दुबे, शिक्षक सुभाष सिंधना, मनीष सोनकिया सहित अन्य गुरुजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर प्रदर्शन करने का संदेश दिया तथा छात्रों की शंकाओं का समाधान भी किया। जानकारी के अनुसार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लगभग 23 लाख विद्यार्थियों एवं 1,25,000 शिक्षकों ने 1 जनवरी से 16 जनवरी के बीच पंजीयन कराया था। प्रधानमंत्री के संबोधन से पूर्व पार्षद सुनील दुबे, प्राचार्य ज्योति दुबे एवं शिक्षक सुभाष सिंधना ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मनीष सोनकिया द्वारा किया गया।

● *उद्घोषणा बनकर रह गई हरदा-आशापुर सड़क*

# छह माह बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

**अनोखा तीर, मसनगांव।**

नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे की सड़क जर्जर हालत में पहुंच चुकी है, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से रखरखाव किए जाने के बावजूद बेस कमजोर होने के कारण फिर से गड्ढे बनने लगे हैं। बारिश के बाद गड्ढों में पैबंद लगाने का कार्य किया गया था, लेकिन वह भी कुछ ही दिनों में उखड़ गया। परिणामस्वरूप हरदा से लेकर छिपाबड़ तक सड़क की हालत दोबारा खस्ताहाल हो गई है। सड़क की खराब स्थिति के कारण कई वाहन चालक सड़क मार्ग के बजाय रेल मार्ग से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। हरदा से छिपाबड़ तक तो सड़क निर्माण विभाग द्वारा किसी हद तक मेंटेनेंस किया जा रहा है, लेकिन छिपाबड़ से आशापुर और खंडवा तक सड़क की हालत भी ठीक नहीं है। इससे दोपहिया और चारपहिया

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर अब तक अमल नहीं

प्रदेश के मुखिया मोहन यादव द्वारा हरदा से आशापुर तक 72 किलोमीटर टू-लेन सड़क के निर्माण की घोषणा छह माह पहले खिरकिया दौरे के दौरान की गई थी, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हो पाया है।

इसके चलते क्षेत्रवासियों को नई सड़क का लाभ नहीं मिल सका है।



वाहन चालकों को गंतव्य तक पहुंचने में अधिक समय लग रहा है, साथ ही वाहनों में टूट-फूट भी हो रही है। ऐसे में एक या दो सवारी होने पर लोग सड़क मार्ग के बजाय रेल मार्ग से खंडवा तक आना-जाना कर रहे हैं। नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे की सड़क वर्ष 2005 में बीओटी बॉन्ड योजना के अंतर्गत बनाई गई थी। जब तक कंपनी द्वारा टोल की वसूली की जाती रही, तब तक सड़क की नियमित मरम्मत होती रही। 15 वर्ष की गारंटी अवधि समाप्त होने के बाद टोल बंद होते ही सड़क का रखरखाव सड़क निर्माण विभाग के जिम्मे आ गया। वर्तमान में वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण सड़क क्षमता के अनुरूप नहीं रह गई है। अधिक भार और लगातार दबाव के चलते सड़क अधिक समय तक टिक नहीं पा रही है। जब यह सड़क बनी थी, तब वाहनों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। कोरोना काल के बाद वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम पड़ने लगी है।

### साइड सोल्डर सुधार नहीं होने से बढ़ रहा खतरा

स्टेट हाईवे की सड़क और साइड सोल्डर के बीच कई स्थानों पर अंतर बना हुआ है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम प्रतीत हो रही है। सड़क निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से साइड सोल्डर समतल करने का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन कई जगहों पर सड़क और साइड सोल्डर के बीच छह इंच से लेकर एक फीट तक का अंतर बना हुआ है। इससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। गड्ढों के कारण जब वाहन साइड देने के लिए साइड पट्टी पर उतरते हैं, तो दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासी पिछले कई वर्षों से वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फोर-लेन सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से लोगों को टू-लेन सड़क से ही काम चलाना पड़ रहा है। उस पर भी गड्ढों की भरमार के कारण नए वाहन तक क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

# सारंगपुर विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

**अनोखा तीर, सारंगपुर।**

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीण विकास को गति देते हुए करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा कर उन्हें ग्रामवासियों को समर्पित किया। आज ग्राम दराना में ग्राम पंचायत लीमाचौहान और ग्राम पंचायत दराना के विकास कार्यों का सामूहिक रूप से भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत लीमा चौहान के लगभग 1 करोड़ 33 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, टीनशेड, आंगनवाड़ी भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। साथ ही ग्राम दराना में ही लगभग 53 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन, सीसी रोड, शांति धाम की तार फेंसिंग एवं पेवर्स निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। इसके बाद ग्राम गुलावता में पहुंचकर कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री गौतम टेटवाल को जानकारी प्राप्त हुई कि गाँव के सेठ हजारीलाल सोमानी एवं रामकरण पटेल का स्वर्गवास हो गया है, तो उन्होंने कार्यक्रम को अत्यंत संक्षिप्त रूप देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दोनों दिवंगत आत्मओं को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ग्राम पंचायत गुलावता, तुकोगंज एवं बाबडल्या के लिए लगभग 1 करोड़ 50 लाख के कार्य जिसमें सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं



लोकार्पण किया। वहीं ग्राम पाडल्या आंजना में गुरु महाराज के स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में पाडल्या आंजना में हुवे बाउंड्रीवाल, टीनशेड, सीसी रोड, पुलिया एवं नाली निर्माण कार्यों सहित लगभग 60 लाख 80 हजार की लागत के विकास कार्यों को ग्रामवासियों को समर्पित किया। साथ ही ग्राम कोडिया खेड़ी में टीनशेड, सीसी रोड, सुदूर सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का 62 लाख 44 हजार की लागत से भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामवासियों को विकास की सौगात दी गई।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता का उल्लेख

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पष्ट प्रतिबद्धता है कि गांवों को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाया जाए। सड़क, भवन, स्वच्छता और आधारभूत संरचना के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, आवागमन की सुगमता, स्वच्छता एवं बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित होगा। कार्यक्रमों के दौरान जनपद अध्यक्ष देव नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष विनोद पाटीदार, शेखर शर्मा, गिरिवर भंडारी, कैलाश नागर, किशोर सिंह छावरी, रामलाल खटक, मनोहर परमार सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि ग्राम विकास से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है और जनकल्याण के संकल्प के साथ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास निरंतर जारी रहेगा।

● **नर्मदा नदी में डायनामाइट की छड़ों से मछलियों का अवैध शिकार**

# जलचर जीवों के विलुप्त होने का खतरा



**अनोखा तीर, हंडिया।** जिले के हंडिया क्षेत्र में नर्मदा नदी में कुछ अज्ञात शिकारियों द्वारा डायनामाइट की छड़ों से मछलियों का अवैध शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। इस अवैध गतिविधि से नदी में रहने वाले जलचर जीवों के विलुप्त होने का गंभीर खतरा मंडराने लगा है, वहीं मां नर्मदा का पवित्र जल भी प्रदूषित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सूत्रों के अनुसार नर्मदा के कामाख्या धाम के सामने नाव के माध्यम से कुछ शिकारी डायनामाइट की छड़ों को बीड़ी से सुलगाकर नर्मदा के जल में फेंक देते हैं। विस्फोट होने से आसपास का पानी गहराई तक प्रभावित होता है और गर्म होकर ऊपर तक आता है, जिससे बड़ी संख्या में मछलियों एवं अन्य जलचर जीवों की मौत हो रही है।

### बारूद बन रहा जलचर जीवों की मौत का कारण

प्रतिदिन नर्मदा नदी में डायनामाइट से किए जा रहे विस्फोटों से निकलने वाली बारूद के कारण न केवल जल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि जलचर जीवों के अस्तित्व पर भी संकट गहराता जा रहा है। इसके बावजूद मत्स्य पालन विभाग एवं संबंधित जिम्मेदार अधिकारी अभी तक कुंभकर्णी नींद में नजर आ रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे रहने से अवैध शिकार करने वालों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने इस गंभीर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए नर्मदा नदी और उसके जलचर जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

# रेत खदान का ठेका बीच में छोड़ा तो लगेगी पेनाल्टी

● **अब रेत खदान सरेंडर करना पड़ेगा महंगा; ठेकेदारों पर सरकार की सख्ती**

**अनोखा तीर, भोपाल।** अब रेत खदानों के ठेके बीच में छोड़ना या नियमों का उल्लंघन करना ठेकेदारों के लिए महंगा साबित होगा। सरकार ने अब उन ठेकेदारों पर लगाम लगाने की कोशिश की है, जो ठेका लेकर बीच में ही काम बंद कर देते हैं। नए नियम के अनुसार, टाइम लिमिट से पहले खदान सरेंडर करने पर ठेकेदार से पेनाल्टी भी वसूली जाएगी। साथ ही यदि कोई माइन डेव्हलपर-कम-ऑपरेटर अपना ठेका बीच में ही सरेंडर करता है, तो उस खदान की जब दोबारा नीलामी होगी तो उसका आधार मूल्य हर साल 10 फीसदी की दर से बढ़ जाएगा। ठेकेदार ने स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खुदाई की या समय पर पैसा जमा नहीं किया तो भी भारी पेनाल्टी लगेगी। इसके अलावा गंभीर गलती पाए जाने पर ठेकेदार और उसके पार्टनर को 3 साल के लिए ब्लैक लिस्ट भी कर दिया जाएगा।

राज्य सरकार ने रेत खनन, परिवहन और व्यापार नियम 2019 में बदलाव कर दिया है। खनिज विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, अब रेत खदानों के ठेके बीच में छोड़ना (सरेंडर) या



नियमों का उल्लंघन करना ठेकेदारों के लिए महंगा साबित होगा। सरकार ने रेवेन्यू को होने वाले नुकसान और अवैध खनन पर लगाम कसने के लिए इस नियम में बड़े बदलाव किए हैं।

सरकार ने अब उन ठेकेदारों पर लगाम लगाने की कोशिश की है जो ठेका लेकर बीच में ही काम बंद कर देते थे। इससे सरकार को करोड़ों का नुकसान घाटा होता था। मध्य प्रदेश में 2023-24 की रेत नीति के अंतर्गत ठेके 5 साल के लिए दिए जाते हैं। साथ ही नर्मदा नदी में मशीनों से रेत खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध है। नए नियम के अनुसार, टाइम लिमिट से पहले खदान सरेंडर करने पर ठेकेदार से पेनाल्टी भी वसूली जाएगी।

**राहतगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों को दी खाद्य मंत्री ने 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में बनी विशिष्ट छवि : राजपूत

**अनोखा तीर, भोपाल।**

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकासखंड राहतगढ़ के ग्राम उमरियासेमरा, चंदनहारी, हिनौतियाकलां, मानकीसलैया में 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में विशिष्ट छवि बनी है और



डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी के समग्र सशक्तिकरण में जुटी है। हमारी सरकार ने विकास को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने का काम किया है। यह सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी इन चारों स्तंभों के समग्र सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता मानकर आगे बढ़ रही है।

सरकार ने हर गरीब के सिर पर छत, हर घर में बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प लिया। जनधन, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने गरीब के जीवन में सुरक्षा और सम्मान दोनों जोड़े हैं। किसानों के लिए सरकार ने सिर्फ राहत नहीं, बल्कि भविष्य की राह खोली है। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाएं और आधुनिक कृषि तकनीक ने किसान को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं। आज किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ बन रहा है।

### रोजगार मांगने नहीं देने वाले बन रहे हमारे युवा

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि युवाओं देश की सबसे बड़ी ताकत जिनके लिए सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों से युवाओं को जोड़कर रोजगार मांगने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बनाया है। सरकार का विश्वास है कि जब युवा सशक्त होगा, तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। मंत्री श्री राजपूत ने 5.20 लाख की लागत से बनने वाले मार्ग की घोषणा करते हुए कहा कि इससे लालबाग, उमरिया सेमरा, सागौनीखुर्द, कोरजा, टेहरा-टेहरी, कालीपठार, सेनकुआं, महुआखेड़ागौंड़ी, सहित लगभग 20 से अधिक ग्रामों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ मंत्री श्री राजपूत ने ग्राम उमरियासेमरा, चंदनहारी, हिनौतियाकलां तथा मानकीसलैया में मंगलभवन, सीसी रोड, बाउंड्रीवाल, सामुदायिक भवन, रविदास मंदिर चबूतरा, शासकीय प्राथमिक शाला में सुधार कार्य सहित 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।


# भोपाल में किन्नरों पर सरेराह धारदार हथियार से हमला

### आरोप नकली किन्नर गिरोह के सरगना ने हमला कराया, सोने की चेन भी झपटी

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल के कोहेफिजा इलाके में किन्नरों के ऑटो को तीन बदमाशों ने सरेराह रोक लिया। आरोपियों ने चाकू मारकर एक किन्नर को घायल किया, जबकि अन्य दो के साथ हाथ और मुक्कों से मारपीट की। किन्नरों ने बदमाशों पर सोने की एक चेन झपटने का भी आरोप लगाया है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12ः10 बजे की है। किन्नरों ने हमला कराने का आरोप नकली किन्नर गिरोह पर लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपियों ने लालघाटी ब्रिज पर ऑटो रोका

जानकारी के मुताबिक किन्नर पल्लवी पाठक मंगलवारा में रहती है। वह गुरू सुरैया नायक गुट की किन्नर हैं। पल्लवी का आरोप है कि ऑटो में सवार होकर मंगलवार से बैरागढ़ की ओर जा रहे थे। तभी बदमाश शाहरुख ईदगाह और उसके दो साथियों ने फिल्मी स्टाइल में लालघाटी ब्रिज पर ऑटो रोक लिया। घटना की सूचना के बाद किन्नर गुरू सुरैया नायक सहित तमाम चेले थाना कोहेफिजा पहुंच गए।



अनोखा तीर 3

# हरदा नगर

हरदा, शनिवार 7 फरवरी 2026


## ग्वालियर समेत 11 शहरों में पारा 10डिग्री से नीचे

### सर्दी बढ़ी, खजुराहो में टेम्परेचर 6.6 डिग्री; दिन में सर्द हवाओं का असर

**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्य प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ गया है। बीती रात ग्वालियर, खजुराहो समेत 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। खजुराहो में टेम्परेचर 6.6 डिग्री पहुंच गया। वहीं, सर्द हवाओं का भी असर है। हालांकि, कोहरे का ज्यादा असर नहीं रहा। उज्जैन, ग्वालियर, सतना, भोपाल, दतिया, गुना, रतलाम, जबलपुर, खजुराहो, रीवा, मलाजखंड में विजिबिलिटी 1 से 2 किलोमीटर तक दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, खजुराहो के बाद रीवा सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़-उमरिया में 8 डिग्री, नौगांव-पचमढ़ी में 8.6 डिग्री, सतना में 9.2 डिग्री, दमोह में 9.5 डिग्री, मंडला-सीधी में 9.8 डिग्री रहा। इसके अलावा 5 बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे कम 8.7 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 10.2 डिग्री, इंदौर में 10.9 डिग्री, जबलपुर में 11.6 डिग्री और उज्जैन में तापमान 12.2 डिग्री रहा।

## सार-समाचार

### सरकारी स्कूल में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाती हैं कु.रानी राठौर

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला शासकीय चिकित्सालय हरदा के लेब एवं ब्लड बैंक में कार्यरत कर्मचारी कुमारी रानी राठौर भोपाल से हरदा आने के बाद प्रतिवर्ष अपना जन्मदिन सरकारी स्कूलों में बच्चों के साथ मनाती हैं। वे सरकारी स्कूलों में बच्चों के साथ केक काटकर एवं मिठाइयां बांटकर



अपना जन्मदिन मनाती हैं। कुमारी रानी राठौर द्वारा अलग-अलग स्कूलों में बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़े, पानी की केन, पंखे सहित अन्य जरूरत का सामान भी प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देवतालाब को साउंड सिस्टम भेंट स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर शाला परिवार के सभी बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान पाठक नारायण मातवा सहित भरत अमकरे, उमेश चंद सारन, जवाहरलाल शिवपुररे एवं प्रीति सोनी उपस्थित रहे।

### 7 दिवसीय शिविर में मिला सुरक्षा का मंत्र

**- युवाओं को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ**

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा आदर्श महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित ७ दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के ६वें दिवस की शुरुआत शुक्रवार को प्रभात फेरी के साथ की गई। इसके बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं पंचायत भवन के पास वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। इस दौरान पहले से लगे पौधे एवं नए रोपित किए गए पौधों के थाला बनाए गए। बौद्धिक सत्र में जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार एवं यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर, साइबर सेल एवं साइबर सुरक्षा से मनोज ठाकुर, ट्रैफिक थाना के प्रधान आरक्षक महेश शर्मा तथा प्रयास सामाजिक संस्था के सीईओ एवं नशा मुक्ति मास्टर ट्रेनर नीरज गुर्जर



विशेष रूप से उपस्थित रहे। मनोज ठाकुर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और मजबूत पासवर्ड रखने जैसी सावधानियों पर जोर दिया। उमेश ठाकुर ने सड़क सुरक्षा एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद महेश शर्मा ने यातायात विषय पर यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा जिम्मेदारी से वाहन चलाने का संदेश दिया। वहीं नशा मुक्ति पर नीरज गुर्जर ने नशे को समाज के लिए गंभीर समस्या बताते हुए युवाओं को इससे दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षित और स्वस्थ समाज का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री प्रीति राजपूत एवं लक्की ओसवाल ने किया तथा आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री छाया लोंगरे ने किया। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी तपिश सोलंकी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सोलंकी तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सिखाए तनाव मुक्त के गुर

**अनोखा तीर, हरदा।**

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मप्र के उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर के छात्र आयुष तिवारी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से प्रश्न किया कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, उसे कैसे मैच करें? इस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विद्यार्थियों को समझाते हुए शिक्षकों को भी बताया कि अपने अध्यापन की गति विद्यार्थियों के सीखने की गति के अनुरूप रखें। लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें। विद्यार्थी वह चेप्टर पहले से पढें व अध्ययन करें जो शिक्षक कक्षा में पढाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की गति से सामंजस्य बैठाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि पहले अपने को जोड़ो, फिर मन को जोड़ो। उसके बाद पढाई के विषय शुरु करो। उन्होंने कहा कि मन को जोड़ने का अर्थ है, विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है, एकाग्रता बनाए रखना। इससे आपकी समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, समय प्रबंधन, अनुशासन, जीवन कौशल एवं व्यवसायिक विकास के महत्वपूर्ण मंत्र दिए। इसके साथ ही





उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले की सभी शासकीय और निजी शालाओं में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

हरदा के महात्मा गांधी हायर सेकण्ड्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखें। हमारे जीवन में हम यदि सकारात्मक सोच रखेंगे तो निश्चित ही सफलता के शीखर पर पहुंचेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारियों के लिये शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 9 फरवरी को होगा अगला प्रसारण

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का अगला प्रसारण 9 फरवरी 2026 को होगा। जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के विभिन्न अंचलों के विद्यार्थियों के साथ चर्चा करेंगे। यह कार्यक्रम विभिन्न संचार माध्यमों पर सुबह 10 बजे से प्रसारित किया जाएगा। प्रदेश के विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## घूसखोर पंडत' पर भोपाल में फिर प्रदर्शन

**अनोखा तीर, भोपाल।**

नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडत' को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दिन पहले हुए विरोध के बाद आज फिर भोपाल में ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन किया। एमपी नगर में हुए प्रदर्शन के दौरान फिल्म के टाइटल, डायलॉग, निर्देशन और कलाकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। संगठन ने कहा कि वह किसी भी तरह की सफाई स्वीकार नहीं करेगा और फिल्म को रिलीज नहीं होने देगा।

प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्रा ने कहा कि फिल्मों को समाज का दर्पण कहा जाता है, लेकिन इस फिल्म के जरिए एक पूरे समाज को अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ओटीटी जैसे बड़े प्लेटफॉर्म ने बिना जिम्मेदारी के इस तरह का कंटेंट लॉन्च किया है और अब इसे किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जाएगा। पुष्पेंद्र मिश्रा ने मंच से सरकार और व्यवस्था पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एफआईआर की मांग के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर सोए हुए हैं। साथ ही यूजीसी नियमों और सवर्ण समाज से जुड़े संदर्भों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस तरह की नीतियां समाज को बांटने का काम कर रही हैं।

# सक्रिय कार्यकर्ताओं को देंगे जिम्मेदारी : महिला कांग्रेस अध्यक्ष

- **प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार हरदा आई रीना बोरासी सेतिया**

**अनोखा तीर, हरदा।**

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनने के बाद रीना बौरासी सेतिया शुक्रवार को पहली बार हरदा आई। यहां कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोहन सांई के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। उन्होंनें कहा कि प्रदेश में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें सक्रिय किया जा रहा है। वहीं पार्टी में उनकी सहभागिता को सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंनें यह भी कहा कि महिला कांग्रेस की लगनशील कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का काम करेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्थानीय मुद्दों को भी उठाया। कहा कि हरदा-आशापुर मार्ग पर पहले भी करोडो़ रूपए खर्च किए गए थे। वहीं आने वाले दिनों में फिर करोड़ों रूपए खर्च कर मार्ग की मरम्मत की जाना है। उन्होंनें



मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। कहा कि पहले 9 करोड़ रूपए और अब 12 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इससे तो यह ठीक होता कि मार्ग का नवनिर्माण किया जाता। इस मौके पर उन्होंनें मक्का कृषकों की भी बात रखी। कहा कि हरदा में मक्का की बंपर पैदावार हुई है। लेकिन, किसानों को मक्का उचित भाव नही मिला है। रीना बौरासी सेतिया ने हरदा में ठेला व गुमठी लगाकर धंधा करने वाले लोगों को संरक्षण देने की भी मांग की। पत्रकारवार्ता के बाद प्रदेशाध्यक्ष ने महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन सांई, विधायक डॉ आरके दोगने, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द व्यास, किसान नेता रविशंकर शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृषि रथ के माध्यम से किसानों को किया जा रहा जागरुक



**अनोखा तीर, हरदा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिले के तीनों विकासखंडों में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उड़द, मूंगफली, तिल आदि फसलो को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरको की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ किसानों को समसामयिक सलाह भी प्रदान की जा रही है। श्री कास्दे ने बताया कि जिले के विकासखंडो में संचालित कृषि रथों द्वारा जिले की 162 ग्राम पंचायतो में भ्रमण किया गया है। इस दौरान 5270 किसानों, 247 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा वैज्ञानिको द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

## अवैध शराब विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध 13 प्रकरण दर्ज

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने गुरुवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के आलमपुर, टेमागांव, डोलरिया, बरूड़घाट, भादूगांव, अंधेरीखेड़ा, पीलियाखाल तथा फाइल वार्ड में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 39 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1340 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 13 प्रकरण दर्ज किए।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# ग्राम भाटपरेटिया में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष आवासीय शिविर



**अनोखा तीर, हरदा।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भाटपरेटिया में विशेष आवासीय शिविर उत्साहपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। शिविर की दिनचर्या का शुभारंभ प्रभातफेरी एवं व्यायाम से किया गया, जिसके पश्चात स्वयंसेवकों ने आंगनवाड़ी केंद्र के आसपास श्रमदान किया। शुक्रवार को शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामवासियों एवं शिविरार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इसके साथ ही शिविरार्थियों द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविका प्रीति ढोके ने अध्यक्ष, गौरव राजपूत ने सचिव तथा राधिका बघेल एवं लेदाराम सोलंकी ने वक्ता की भूमिका निभाई। बौद्धिक कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक रीना मालवीय ने नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. योगेश गौर ने सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास हेतु सभी को प्रेरित किया। विधि महाविद्यालय हरदा की सहायक प्राध्यापक आयुषी





सिसोदिया ने बाल अधिकारों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। अजय बिलारे ने नागरिक दायित्वों पर चर्चा की, वहीं सुमित शर्मा ने बाल अधिकारों पर कविता के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी मनीषा चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. अरुण सिकरवार ने शिविरार्थियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय टिमरनी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी डॉ. सुनीत काशिव ने सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। डॉ. राकेश सिंह परस्ते ने शिविरार्थियों को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया। डॉ. प्रियंका राय एवं अंजली गुप्ता ने नशे के दुष्प्रभावों पर बहुआयामी चर्चा की। मनीष परसाई एवं डॉ. सीके लोखंडे ने बेहतर जीवन शैली एवं अच्छी आदतों को अपनाकर नशे की समस्या के समाधान के महत्वपूर्ण विकल्प प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ. शिवानी बर्मन एवं प्रतिष्ठा कुमेकर ने भी उल्लेखनीय सहभागिता निभाई।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं **आनंद कुमार पटेल पिता राधाकिशन पटेल**, वार्ड नं. 1 राधाकृष्ण मंदिर के पास, किसानी मोहल्ला, ग्राम सिराली, जिला हरदा का निवासी हूं। यह कि मेरे आधार कार्ड में नाम **Anand Kumar Patel S/o Radhakishan Patel** अंकित है एवं मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम **ANAND KUMAR BUCH S/o SH. RADHA KISHAN** है। आधार कार्ड के हिसाब से लायसेंस में नाम दुरूस्त किए जाने हेतु यह विज्ञप्ति प्रस्तुत है। जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आप अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

**आनंद कुमार पटेल पिता राधाकिशन पटेल, ग्राम-सिराली, जिला-हरदा (म.प्र.)**

# संपादकीय

# बंगाल, ममता बनर्जी और मतदाता सूची...

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का।

विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे।

गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय



पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए, ताकि इससे नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा या तनाव न हो।

पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में दलील दी कि निर्वाचन आयोग को तार्किक विसंगति सूची में नामों का उल्लेख करने के कारणों को तत्काल सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि संबंधित व्यक्ति यह जान सके कि गड़बड़ कहां हुआ है और उसमें अपेक्षित सुधार किया जा सके। दावा किया जा रहा है कि राज्य में नाम, उपनाम या आयु में गड़बड़ी को लेकर अब तक 1.36 करोड़ लोगों को तार्किक विसंगतियों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इस पर शीर्ष अदालत ने बांग्ला भाषा में बोलचाल का जिक्र करते हुए कहा कि कभी-कभी इसकी वजह से भी नामों की वर्तनी गलत हो जाती है, लेकिन पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में बने रहना जरूरी है। सवाल है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का जो काम निर्वाचन आयोग को खुद अपने स्तर पर शामिल करना चाहिए था, उस संबंध में न्यायालय को निर्देश देने की जरूरत क्यों पड़ रही है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने की नितांत आवश्यकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर न हो, ताकि निर्वाचन आयोग पर आम लोगों का भरोसा पूरी तरह कायम रहे।

व्यंग्य...

# भेदभाव का पहला परिचय प्रपत्र



-डॉ. सुधाकर आशावादी

प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा संस्थान तक जितने भी प्रवेश फार्म भरे गए , सभी में कॉलम लगभग समान थे -

नाम / पिता का नाम / पता / अभिभावक का नाम/ धर्म / जाति / वर्ग ( सामान्य , अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग )

प्रारंभ में यह समझ नहीं आया, कि जाति के कॉलम में जाति लिखना अनिवार्य है या नहीं। फिर भी सभी कॉलम में लिखा करते थे - अमुक धर्म, अमुक जाति,अमुक वर्ग।

इसका सही उद्देश्य बाद में समझ आया, कि जब प्रवेश फार्म के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया में सुपात्र प्रवेशार्थियों की सूची बनाने में जाति की भूमिका स्पष्ट हुई। पचास प्रतिशत मिश्रित सूची, जिसमें जातीय आधार की कोई भूमिका नहीं थी। हर जाति, हर वर्ग सामान्य सूची में दावेदार था। उसके उपरांत अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों के फार्म वर्ग के अनुसार अलग किए जाते थे। सामान्य वर्ग के फार्म एक ओर रख दिए जाते थे।

बहरहाल प्रवेश सूची बनाने वाली समिति विघटनकारी प्रयोगशाला में जाति, धर्म के नाम पर बंटवारा किया करती थी। उसके उपरांत प्रवेश सूची जारी की जाती थी, जिसमें स्पष्ट लिखा होता था। प्रवेश सूची सामान्य वर्ग , प्रवेश सूची - अन्य पिछड़ा वर्ग, प्रवेश सूची अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एक अरसे बाद इस सूची में दुर्बल आय वर्ग को जोड़ दिया गया।

इसके उपरांत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होती है। जातीय आधार पर प्रवेश के लिए फीस का ढांचा भी अलग। सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए अलग, अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए अलग।

उसके उपरांत छात्रवृत्ति का खेल प्रारंभ होता है। बैंक में खाते खोले जाते हैं। कुछ तो प्रवेश ही छात्रवृत्ति लेने के लिए लेते हैं। विद्यालय में कक्षा से उन्हें कोई सरोकार नहीं होता। केवल तीन बार विद्यालय में उनके दर्शन होते हैं, प्रथम बार प्रवेश लेने के लिए, दूसरी बार छात्रवृत्ति के फ़ार्म भरने के लिए, तीसरी बार परीक्षा देने के लिए, उसकी भी कोई गारंटी नहीं होती, कि परीक्षा देंगे भी या नहीं। यदि संयोग से परीक्षा दे भी दी तथा उनके कम अंक आए, तो सीधा आरोप लगाते हैं, अध्यापक उनसे वैमनस्य रखता है, प्रेक्टिकल और वायवा में उन्हें प्रथम श्रेणी के अंक नहीं दिए गए। यह अध्यापक का जातिगत पूर्वाग्रह है।

बहरहाल जो भी हो, समाज को बांटने में प्रवेश फार्म में जातीय कॉलम का मुख्य स्थान होता है। यदि जातीय कॉलम और जाति आधारित छात्रवृत्ति का लुभावना लालच न हो, तो जातीय कॉलम की पूर्ति अनिवार्य भी नहीं होती, फिर भी सब चलता है। जातीय कॉलम ही है, जो भेदभाव की प्रयोगशाला के आंकड़े जारी करता है। इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य में भेदभाव का आधार तैयार करता है। जातीय नेताओं को नेतागिरी करने का आधार प्रदान करता है। उन प्रावधानों को लागू करने के लिए राजनीति का हथियार बनता है, कि किसी को भी फर्जी और झूठी शिकायत करके उत्पीडित करो तथा भयमुक्त होकर झूठी शिकायतें करके समाज में भेदभाव बढ़ाते रहो, क्योंकि झूठी शिकायतों पर दण्ड का कोई प्रावधान नहीं होता।

यही प्रयोगशाला का परीक्षण निष्कर्ष है, जिसके आधार पर सियासत फलती है, फूलती है, अपने मतानुसार कार्य करने की छूट प्रदान करती है, जिसमें केवल भीड़ का समर्थन एवं विरोध सर्वोपरि होता है। तर्क और न्याय का कोई स्थान नहीं होता।

केंद्रीय बजट

# भारत के हृदय प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाला संकल्प पत्र



-डॉ. राघवेंद्र शर्मा

**यह निवेश केवल सरकारी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार के लाखों अवसर पैदा करने की क्षमता रखता है। स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए करों में छूट और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रावधान मध्यप्रदेश के उभरते उद्यमियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। रोजगार के ये नए अवसर न केवल पलायन को रोकेंगे, बल्कि युवाओं को उनके गृह प्रदेश में ही अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेंगे। बुनियादी ढांचे की बात करें तो रेलवे और सड़क परिवहन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को मिला आवंटन ऐतिहासिक है।**

भारत का केंद्रीय बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि यह देश के विकास की दिशा निर्धारित करने वाला एक विजन दस्तावेज होता है। जब हम इस वर्ष के बजट का विश्लेषण मध्य प्रदेश के संदर्भ में करते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि भारत के हृदय प्रदेश को मुख्यधारा के विकास से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार ने एक सुविचारित खाका तैयार किया है। यह बजट मध्य प्रदेश की विविध भौगोलिक और आर्थिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया प्रतीत होता है, जिसमें कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से लेकर औद्योगिक क्रांति और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण तक हर पहलू पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश, जो पिछले कुछ वर्षों से बीमारू राज्य की छवि को पीछे छोड़कर विकासशील राज्यों की श्रेणी में अग्रणी रहा है, उसके लिए यह बजट एक उत्प्रेरक का कार्य करेगा। विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में, जो मध्य प्रदेश की रीढ़ है, बजट ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। केंद्र ने आधुनिक कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती और भंडारण सुविधाओं के लिए जो आवंटन किया है, उसका सीधा लाभ प्रदेश के उन करोड़ों किसानों को मिलेगा जो गेहूं और सोयाबीन उत्पादन में देश का नेतृत्व कर रहे हैं। सिंचाई परियोजनाओं, विशेष रूप से केन-बेतवा लिंक परियोजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए निरंतर समर्थन न केवल बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगा, बल्कि राज्य की कृषि विकास दर को नए आयाम प्रदान करेगा। उद्योगों के मामले में मध्यप्रदेश अपनी रणनीतिक स्थिति का लाभ उठाने के लिए तैयार है। बजट में औद्योगिक गलियारों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए घोषित रियायतों ने राज्य में निवेश के नए वातावरण का सृजन किया है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों के आसपास औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की केंद्र की योजना से स्थानीय व्यापार को वैश्विक पहचान मिलेगी। उद्योगों को मिलने वाली यह गति सीधे तौर पर रोजगार सृजन से जुड़ी है। नई नौकरियों की तलाश में जुटे युवाओं के लिए बजट में कौशल विकास योजनाओं और इंटर्नशिप कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह निवेश केवल सरकारी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार के लाखों अवसर पैदा करने की क्षमता रखता है। स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए करों में छूट और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रावधान




मध्यप्रदेश के उभरते उद्यमियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। रोजगार के ये नए अवसर न केवल पलायन को रोकेंगे, बल्कि युवाओं को उनके गृह प्रदेश में ही अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेंगे। बुनियादी ढांचे की बात करें तो रेलवे और सड़क परिवहन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को मिला आवंटन ऐतिहासिक है। रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार से राज्य के दूरदराज के इलाके भी अब मुख्य रेल नेटवर्क से सुगमता से जुड़ सकेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के दर्जनों स्टेशनों का पुनर्विकास उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करेगा। इसके साथ ही नई रेल लाइनों का बिछाया जाना और रेल मार्गों का विद्युतीकरण न केवल यात्रा को सुगम बनाएगा, बल्कि माल ढुलाई की लागत कम करके व्यापार को भी मजबूती प्रदान करेगा। सड़कों, राजमार्गों, ओवरब्रिज और फ्लाईओवर्स का जाल बिछाने की केंद्र की प्रतिबद्धता मध्य प्रदेश के शहरों और गांवों के बीच की दूरी को कम कर रही है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार और राज्य के भीतर नए कॉरिडोर का निर्माण माल के परिवहन को तेज करेगा, जिससे प्रत्यक्ष रूप से अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। शहरों में ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए प्रस्तावित फ्लाईओवर्स और ओवरब्रिज शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेंगे और समय की बचत के साथ-साथ ईंधन की खपत को भी कम करेंगे। बजट का एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा महिलाओं के स्वावलंबन और बालिकाओं के कल्याण के प्रति समर्पित है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लखपति दीदी जैसी योजनाओं को विस्तार देना मध्यप्रदेश की ग्रामीण महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला कदम है। जब महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है, तो पूरा परिवार और समाज प्रगति करता है। इसके साथ ही, बालिकाओं की निजता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना समाज की एक बड़ी आवश्यकता को संबोधित करता है। स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर बालिकाओं के लिए अलग और सुरक्षित बुनियादी सुविधाओं का निर्माण, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, और डिजिटल सुरक्षा जैसे पहलुओं को बजट के माध्यम से मजबूती दी गई है। यह संवेदनशीलता दर्शाती है कि सरकार केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्यों और सुरक्षा के मानकों को भी ऊंचा उठाना चाहती है। बालिकाओं की निजता का सम्मान और उनकी गरिमा की रक्षा के लिए किए गए बजटीय प्रावधान मध्यप्रदेश के भविष्य को सुरक्षित और उज्जवल बनाने की दिशा में एक बड़ा निवेश है। कुल मिलाकर, यह बजट मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है। इसमें जहां एक ओर बड़े उद्योगों के लिए स्थान है, वहीं दूसरी ओर सबसे छोटे किसान और घरेलू कामकाजी महिलाओं की जरूरतों का भी सम्मान है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच डबल इंजन के समन्वय से यह बजट जमीन पर उतरने के लिए तैयार है। जब सड़कों का जाल बिछेगा, खेतों तक पानी पहुंचेगा, युवाओं के हाथ में काम होगा और महिलाएं स्वावलंबी होंगी, तभी मध्यप्रदेश सही मायने में विकसित भारत का एक मजबूत स्तंभ बनेगा। बजट के ये सकारात्मक प्रभाव आने वाले वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, जीवन स्तर में सुधार और सामाजिक समरसता के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि केंद्रीय बजट ने मध्य प्रदेश को विकास की एक ऐसी पटरी पर खड़ा कर दिया है, जहां से आत्मनिर्भरता और समृद्धि की मंजिल अब अधिक दूर नहीं लगती। यह बजट केवल वित्तीय आवंटन का पत्र नहीं, बल्कि सात करोड़ प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पंख देने वाला एक संकल्प पत्र है जो आने वाले समय में मध्य प्रदेश की स्वर्णिम गाथा लिखेगा।


# किताबों से पहले जीवन पढ़ना जरूरी है...

> शिक्षा शब्दों का संचय नहीं, बल्कि चेतना का संस्कार है। जो पढ़ा जाए और जीवन में न उतरे, वह ज्ञान नहीं, केवल सूचना बनकर रह जाता है। मनुष्य का विकास पुस्तकों से कम और अनुभवों से अधिक होता है। इसी गहरे सत्य की अभिव्यक्ति है- 'पहले अपनाओ, बाद में पढ़ाओ।' यह कोई भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि सीखने की स्वाभाविक, वैज्ञानिक और दार्शनिक प्रक्रिया का संक्षिप्त सूत्र है। जब शिक्षा इस सूत्र से जुड़ती है, तब वह परीक्षा-केंद्रित व्यवस्था से निकलकर जीवन-केंद्रित दृष्टि बन जाती है।

रामानुज पाठक

मानव मस्तिष्क जन्म से ही सीखने के लिए तत्पर रहता है। वह पहले देखता है, छूता है, सुनता है, गिरता है, संभलता है और फिर शब्दों को अर्थ देता है। शिशु पुस्तक पढ़कर चलना नहीं सीखता, बल्कि बार-बार गिरकर सीखता है। आधुनिक तंत्रिका-विज्ञान भी यही सिद्ध करता है कि जब सीखना प्रत्यक्ष अनुभव से जुड़ा होता है, तब मस्तिष्क में बनने वाले तंत्रिका-संबंध अधिक गहरे और स्थायी होते हैं। केवल सुनी या रटी गई जानकारी स्मृति में अल्पकालिक होती है, जबकि किया गया कार्य चेतना में स्थायी छाप छोड़ता है।

गहरी दृष्टि से शिक्षा आत्मबोध की प्रक्रिया है। ज्ञान का उद्देश्य केवल बाहरी संसार को समझना नहीं, बल्कि स्वयं को पहचानना भी है। जो शिक्षा मनुष्य को प्रश्न पूछने की क्षमता नहीं देती, वह उसे उत्तरों का बोझ ही सौंपती है। जब विद्यार्थी किसी समस्या से स्वयं जूझता है, किसी प्रयोग में असफल होता है और पुनः प्रयास करता है, तब वह केवल विषय नहीं सीखता, बल्कि धैर्य, विवेक और आत्मसंयम भी अर्जित करता है। यही शिक्षा का वास्तविक प्रयोजन है- मनुष्य को भीतर से परिपक्व बनाना। अध्ययन अनुभव के बाद आता है, ताकि वह जीवन से जुड़ सके। जब विद्यार्थी किसी घटना, प्रयोग या



परिस्थिति से होकर गुजर चुका होता है, तब पुस्तक का एक-एक वाक्य अर्थवान हो उठता है। शब्द तब अनुभव की व्याख्या बन जाते हैं। यही कारण है कि पहले अपनाया गया ज्ञान बाद में पढ़े गए सिद्धांतों को गहराई देता है।

समकालीन शिक्षा-दृष्टि इस तथ्य को स्वीकार करती है कि प्रत्येक विद्यार्थी समान नहीं होता। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, किसी की कला में, किसी की प्रकृति में, तो किसी की समाज में। जब शिक्षा इन भिन्नताओं को नकारती है, तब वह व्यक्ति को भी नकार देती है। अनुभव-प्रधान शिक्षा, शिक्षा को एक सांचे में ढालने के बजाय, मनुष्य के भीतर छिपी संभावनाओं को उद्घाटित करती है।

भावनात्मक स्तर पर यह दृष्टि शिक्षा को भय से मुक्त करती है। जब सीखना केवल अंक और परीक्षा का साधन बन जाता है, तब वह तनाव और हीनता को जन्म देता है। इसके विपरीत जब सीखना खोज, प्रयोग और संवाद की प्रक्रिया बनता है, तब आत्मविश्वास स्वतः विकसित होता है। विद्यार्थी गलतियां करने से नहीं डरता, क्योंकि वह जानता है कि भूल भी सीखने का एक चरण है। ऐसी शिक्षा मनुष्य को भीतर से सशक्त बनाती है, न कि केवल प्रतिस्पर्धी। इसमें शिक्षक की भूमिका भी मूलतः बदल जाती है। शिक्षक अब केवल ज्ञान देने वाला नहीं रहता, बल्कि सीखने की यात्रा का सहचर बन जाता है। वह उत्तर थोपने के बजाय प्रश्न जगाता है, निर्देश देने के बजाय दिशा दिखाता है। जब शिक्षक स्वयं सीखने की प्रक्रिया में सहभागी होता है, तब कक्षा एक जीवंत स्थान बनती है। वहां मौन नहीं, संवाद होता है। भय नहीं, जिज्ञासा होती है। शिक्षा तब संबंध बन जाती है, आदेश नहीं।

विज्ञान, दर्शन और अनुभव- इन तीनों का संतुलन ही शिक्षा को पूर्णता देता है। केवल विज्ञान शिक्षा को यांत्रिक बना सकता है, जहां मनुष्य एक उपयोगी साधन भर रह जाता है। केवल दर्शन शिक्षा को अमूर्त बना सकता है, जो व्यवहार से कट जाए।

केवल भावना शिक्षा को अस्थिर कर सकती है, जहां गहराई का अभाव हो।जब अनुभव इन तीनों को जोड़ता है, तब शिक्षा मनुष्य को संपूर्ण बनाती है- सोचने में सक्षम, समझने में संवेदनशील और कार्य करने में जिम्मेदार। अनुभव-प्रधान शिक्षा व्यक्ति को केवल ज्ञाता नहीं, उत्तरदायी बनाती है। जब सीखना जीवन की वास्तविक स्थितियों से जुड़ता है, तब ज्ञान नैतिकता से अलग नहीं रह जाता। केवल सूचनाओं से लैस व्यक्ति चतुर हो सकता है, विवेकशील नहीं। विवेक तब विकसित होता है, जब मनुष्य अपने ज्ञान को व्यवहार में परखता है। अनुभव उसे सीमाएं सिखाता है, असफलता विनम्रता देती है और सफलता संयम। ऐसी शिक्षा व्यक्ति के भीतर संतुलन पैदा करती है। वह न तो अति-आत्मकेंद्रित होता है, न ही भीड़ में विलीन। वह सोचता भी है और महसूस भी करता है।

यही संतुलन शिक्षा को उपयोगी से आगे बढ़ाकर अर्थपूर्ण बनाता है। जो व्यक्ति अनुभव से सीखता है, वह केवल अपने अधिकार नहीं जानता, अपने दायित्व भी समझता है। वह प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं करता, सहअस्तित्व सीखता है। वह समाज को केवल उपयोग की वस्तु नहीं मानता, बल्कि सहभागिता का क्षेत्र समझता है। इस प्रकार शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का नहीं, सामाजिक संतुलन का भी आधार बनती है। दरअसल, शिक्षा का उद्देश्य आजीविका तक सीमित नहीं हो सकता। रोजगार आवश्यक है, पर वह शिक्षा का अंतिम लक्ष्य नहीं। शिक्षा का लक्ष्य है- दृष्टि का विकास। वह दृष्टि जो सही और गलत में भेद कर सके, जो तात्कालिक लाभ से ऊपर उठकर दीर्घकालिक परिणाम देख सके, जो ज्ञान को शक्ति नहीं, सेवा का माध्यम समझे।

पहले अपनाओ, बाद में पढ़ाओ इसी दृष्टि का सार है। जब अनुभव बीज बनता है और अध्ययन उसका विस्तार, तब शिक्षा मनुष्य को केवल कुशल नहीं, विवेकशील भी बनाती है। यही शिक्षा का मौलिक स्वरूप है- जो जीवन से निकलती है, जीवन में उतरती है और जीवन को अर्थ देती है।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने दादाजी मंदिर नवनिर्माण संबंधी कार्यों का जायजा लिया

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को श्री छोटे दादाजी की बरसी के दिन, निर्माण समिति के सदस्यों के साथ श्री दादाजी दरबार में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने दादाजी परिसर में निर्माणाधीन मंदिर के फाउंडेशन तथा अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, शांतनु दीक्षित, धर्मेन्द्र बजाज, मदन ठाकरे, तपन डोंगरे, रोचक नागोरी एवं सतीश कोटवाले भी मौजूद थे।

### मप्र के आगामी बजट में भाकपा ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें कम करने की मांग की

**अनोखा तीर, भोपाल।** भाकपा ने 18 फरवरी को मध्य प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत होने वाले बजट के सम्बन्ध में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें कम करने और महंगाई रोकने सहित विभिन्न मांगें की हैं। भाकपा मध्य प्रदेश के राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि मध्य प्रदेश की जनता पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें सारे देश में सर्वाधिक होने से त्रस्त है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता के जीवन को संकट में डाल दिया है। मध्य प्रदेश में विभिन्न विभागों में लाखों पद रिक्त हैं, लेकिन भारी बेरोजगारी होने के बावजूद इन पर नियुक्ति नहीं हो रही है। सरकारी नौकरी में चतुर्थ श्रेणी में नियुक्तियां पूरी तरह बन्द हैं। निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी कमजोर कर निजी क्षेत्र को संरक्षण दिया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन ठप्प है। मध्य प्रदेश की सरकार जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने हेतु गंभीर नहीं है। मध्य प्रदेश सरकार अंधाधुंध कर्ज ले रही है, यह अनुचित है।

### सीएम डॉ. यादव ने भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**अनोखा तीर, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत रत्न, स्?वर कोकिला, मध्यप्रदेश की बेटी, लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धेय लता जी की अद्वितीय संगीत साधना ने फिल्म जगत को समृद्ध किया, साथ ही उन्होंने विश्व में असंख्य प्रशंसकों को गीत–संगीत से आनंदित किया। उन्होंने कहा कि लता जी अपनी मधुर आवाज से हमारे बीच सदैव उपस्थित रहेंगी।

### छोटे दादा जी की बरसी पर दादाजी धाम में मना उत्सव

**-शहर के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य प्रांतो से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दादाजी को किया नमन**

**अनोखा तीर, खंडवा।** बड़े दादाजी के शिष्य छोटे दादा जी हरिहर भोले भगवान की बरसी के अवसर पर दादाजी धाम में उत्सव मनाया गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने दादाजी धाम पहुंचकर बड़े दादा जी, छोटे दादा जी के दर्शन कर नमन किया एवं सभी के कल्याण हेतु धुनी माई में आहुति पेश की। शुक्रवार को दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की छोटे दादा जी की पुण्यतिथि के दिन शुक्रवार को महाराष्ट्र व गुजरात व अन्य प्रांतो से आए हजारों श्रद्धालुओं ने समाधि पर शीश नवाए।





छोटे दादा जी बड़े दादा जी के परम शिष्य थे और दादाजी आश्रम की व्यवस्था संभालने के साथ गुरु परंपरा को भी आगे बढ़ाते रहे, छोटे दादा जी का जन्म नरसिंहपुर मध्य प्रदेश में हुआ था। बड़े दादा जी के शिष्य बनाकर उन्होंने अपना जीवन पूरी तरह गुरु की सेवा में समर्पित किया। सुनील जैन ने बताया कि छोटे दादाजी अत्यंत सरल करुणामयी और चमत्कारी संत थे। छोटे दादा जी की इच्छा थी की दादाजी धाम पर भव्य मंदिर का निर्माण हो बड़े दादा जी के आशीर्वाद छोटे दादा जी के संकल्प को लेकर दादाजी धाम पर भव्य संगमरमर के मंदिर बनने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। छोटे दादाजी की बरसी के अवसर पर की परंपरा के अनुरूप दिनभर धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे रात्रि 8 बजे महा आरती का आयोजन भी आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसादी ग्रहण कि। शुक्रवार को प्रात: समाधि का नर्मदा व गंगाजल से स्नान प्रात: 5 बजे आरती 6 बजे भोग सुबह 8 बजे आरती दोपहर 3 बजे दूध दही शक्कर और घी से समाधि का अभिषेक हुआ श्रीसत्यनारायण भगवान की कथा के साथ रात 8. बजे 108 दीपों की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

# दिल्ली में सांसदों से प्रदेश विकास पर संवाद

**अनोखा तीर, खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके के आवास पर मध्यप्रदेश के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के साथ सहभोज एवं संवाद किया। इस दौरान प्रदेश के विकास और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि



लोकसभा सत्र के दौरान यह पहला अवसर था जब प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सांसदों के साथ सामूहिक रूप से संवाद किया। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। डबल इंजन की मोदी-मोहन सरकार से प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा और इसमें सांसदों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मध्यप्रदेश के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आधार बनाकर प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। सहभोज एवं संवाद में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, जॉर्ज कुरियन, डॉ. एल. मुरुगन, दुर्गादास उइके, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित कई लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद उपस्थित रहे। खंडेलवाल ने कहा कि बेहतर समन्वय और सहयोग से विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।



## सिंगाजी ताप परियोजना में अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**अनोखा तीर, खंडवा/मूंदी।** सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के आवासीय परिसर में 47वीं अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अभियंता जेसी जुनवाल द्वारा भारत माता एवं सिंगाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सभी से सहभागिता का आह्वान किया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, बिरसिंहपुर, चचाई, जबलपुर, सिरमौर और सिंगाजी की टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच ग्वालियर और उज्जैन के बीच खेला गया, जिसमें ग्वालियर टीम ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र साहू, वीएस मल्ल, एमके कोरी, आरके तिवारी, आरएस अलावा, खेल सचिव शैलेष चौहान, होवेंद्र वरकड़े, जावेद सईद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आत्मा को परमात्मा बनाने की पहली सीढ़ी संयम : मुनि सागर





**पंधाना नगर में हो रही है धर्म प्रभावना**

**अनोखा तीर, खंडवा।** आचार्य श्री आर्जव सागर मुनिराज के शिष्य गुरुदेव विशोध सागर महाराज महाराष्ट्र के चिखली में चातुर्मास करने के पश्चात पद विहार करते हुए बुरहानपुर से पंधाना पहुंचे। समाज जनो ने मुनि श्री की मंगल अगवानी की। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार को मुनि विशोद सागर महाराज ने पंधाना नगर के श्री पदम प्रभु जैन मंदिर में श्रावकों का एक प्रमुख ग्रंथ रत्नकरण श्रावकाचार पर प्रकाश डालते हुए कहा की यदि गृहस्थी श्रावक मुनि नहीं बन सकता, साधु नहीं बन सकता तो उसे मोक्ष मार्ग पर चलते हुए साधु की भक्ति के साथ सेवा करना चाहिए। गृहस्थी आहार दान, औषधी दान, शास्त्र दान और अभय दान के माध्यम से स्वयं अपना भी कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। मुनि श्री ने कहा कहां की आत्मा को परमात्मा बनाने की पहली सीढ़ी संयम है, कलयुग में संयम ग्रहण कर मोक्ष पद को सुलभता से प्राप्त किया जा सकता है। बड़े पुण्य कर्म से हमें मानव जीवन मिला है, इस मानव जीवन का सदुपयोग करें, सदैव देव शास्त्र गुरु के प्रति हमारा समर्पण रहे, जिससे हमारा जीवन सफल हो सके। सुनील जैन ने बताया कि मुनि श्री ने विनय और अनुशासन के माध्यम से भी ज्ञानावर्णी कर्मों की तीव्रता को कम करने के उपाय बताएं। मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रवचन के पश्चात आहार दान का सौभाग्य प्रीति गिरीश कुमार जैन के निज निवास पर महिला मंडल के सहयोग से संपन्न हुआ। मुनि श्री के प्रतिदिन प्रवचन प्रातः 8:30 बजे, आहारचर्या 10 बजे दोपहर को 3 बजे तत्व चर्चा एवं क्लास रहेगी 6:30 बजे गुरु भक्ति होगी।

# राज्यपाल श्री पटेल बच्चों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में हुए शामिल

**लोक भवन आए विद्यार्थियों ने कहा- पीएम श्री मोदी का मार्गदर्शन सरल, रोचक और प्रेरक**

**अनोखा तीर, भोपाल।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' को छात्र-छात्राओं के साथ लोक भवन में देखा। इस अवसर पर लोक भवन के जवाहर खण्ड में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी और लोक भवन परिसर में रहने वाले परिवारों के बच्चे उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यक्रम अभूतपूर्व है। देश के प्रधानमंत्री का विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद सार्थक और नवाचारी है, जो विद्यार्थियों को जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देता है। चुनौतियों के समाधान के लिए नई प्रेरणा और आत्मबल प्रदान करता है। परीक्षा काल के दौरान आने वाली चुनौतियों और कठिनाईयों को दूर करने के तरीके और तकनीक बताता है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम केवल परीक्षा की तैयारी तक सीमित नहीं है। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा से जुड़े तनाव का प्रबंधन सिखाता है। यह जीवन में संतुलन, अनुशासन और आत्मबल विकसित करने का मार्गदर्शन भी देता है। तनाव मुक्त रहना, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना और सोच को सकारात्मक बनाने की प्रेरणा उज्जवल भविष्य निर्माण का रास्ता है। विद्यार्थियों ने कहा - प्रधानमंत्री श्री मोदी के सरल, रोचक और प्रेरक संदेशों ने बढ़ाया आत्मविश्वास : राज्यपाल श्री पटेल द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिये गए आमंत्रण से विद्यार्थी अभिभूत थे।

सभी विद्यार्थियों ने इस अवसर को अपने जीवन का एक अद्भुत, प्रेरक और अविस्मरणीय अनुभव बताया। मॉडल स्कूल, टी.टी. नगर, भोपाल की कक्षा 12वीं की छात्रा सुश्री आराध्या शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सरल, व्यावहारिक और उत्साहवर्धक संदेशों से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। वह अब परीक्षाओं को लेकर अधिक सहज और सकारात्मक महसूस कर रही हैं। केन्द्रीय विद्यालय-2 के कक्षा 8वीं के विद्यार्थी अरिहंत जैन ने कार्यक्रम को व्यवहारिक सीख, चुनौतियों के रणनीतिक समाधान और परीक्षा के तनाव को कम करने में अत्यंत उपयोगी सुझावों का खजाना बताया। केन्द्रीय विद्यालय-1 की कक्षा 9वीं की छात्रा सुश्री महक विमल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम ने हम सब विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया है। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को परीक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया है। सभी छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल श्री पटेल और प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, जनजातीय प्रकोष्ठ के सचिव श्री मालसिंह भयड़िया, लोक भवन के अधिकारी और छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## लता मंगेशकर को गीतों से दी श्रद्धांजलि

**अनोखा तीर, खंडवा।** मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर मंच सदस्यों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर गीतों के माध्यम से उन्हें याद किया गया। मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम में मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि लता




मंगेशकर की आवाज केवल पहचान नहीं, बल्कि भारतीय संगीत की आत्मा है। उनकी गायकी के माध्यम से भाव, रस और राग-रागनियों की अनुभूति होती है। उनके गीत मनुष्य के भीतर छिपी संवेदनाओं को जागृत करते हैं। कार्यक्रम में मंच के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कई सदस्यों ने कराओके पर लता मंगेशकर के गाए गीत प्रस्तुत कर स्वरांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आनंद तोमर, जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, गणेश भावसार, नारायण फरकले, तिलोक चौधरी, राधेश्याम शाक्य, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, अनुप शर्मा, जीडी सराफ, अशोक पारवानी, सतीश मुदीराज, संतोष सोनी, कैलाश शर्मा, काव्यांश जोशी, अर्चना जोशी, आकांशा सिसोदिया, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्य उपस्थित रहे।

# परीक्षा पर चर्चा का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों ने देखा

**अनोखा तीर, खंडवा।** परीक्षा से पूर्व शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा 2026 कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रातः 10 बजे देशभर के स्कूलों में देखा गया। जिला मुख्यालय खंडवा में शिक्षा विभाग द्वारा मोतीलाल नेहरू स्कूल में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से प्रसारण देखा। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और आत्मविश्वास के विषय में मार्गदर्शन मिला। इस अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तनवे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा



आवश्यक है। मन लगाकर अध्ययन करें, असफलता से घबराने के बजाय दोबारा प्रयास करें और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर अध्ययन आवश्यक है। परीक्षा के समय एकाग्रता और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े एवं पार्षद वर्षा ललवानी ने भी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए परीक्षा की तैयारी के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। संचालन संदीप जोशी ने किया तथा आभार संगीता सोनवने ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद आनंद जैन, भावेश बिल्लोरे, संदेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालक उपस्थित रहे।

## कृषक कल्याण वर्ष के तहत आशापुर में किसान जागरूकता कार्यक्रम

**अनोखा तीर, खंडवा/आशापुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 मनाए जाने के तहत ग्राम आशापुर में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की नई व्यवस्था की जानकारी दी गई। इस अवसर पर फसल अवशेष प्रबंधन, नरवाई नहीं जलाने, मृदा परीक्षण एवं मृदा नमूना लेने की विधि, पोषक तत्वों के महत्व तथा अम्लीय और क्षारीय मृदा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण के महत्व पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी देवीलाल सोलंकी, निलिमा मौर्य, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गोरेलाल वास्केल, पशुपालन अधिकारी चेतन चाचारिया तथा उद्यान विकास अधिकारी अश्विन पाटीदार उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा के आवेदन में सुधार हेतु 11 फरवरी तक

**अनोखा तीर, खंडवा।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के आवेदन पत्र में कॉलम 7.7 ( विशेष शिक्षा संबंधी ) को लेकर अभ्यर्थियों को सुधार का एक और मौका दिया गया है। पहले यह सुविधा 26 दिसंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक दी गई थी। अब लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश पर यह पोर्टल दोबारा 4 से 11 फरवरी तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से खोला गया है। जिन अभ्यर्थियों के पास डी एल एड स्पेशल एजुकेशन की योग्यता है, वे कॉलम 7.7 में हां का चयन करें। जबकि अन्य सभी अभ्यर्थी इसमें नहीं का चयन करें। मंडल ने बताया कि तय तारीख के भीतर किए गए सुधार ही मान्य होंगे और उसी के आधार पर आगे की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

**मेहनत और निष्ठा का प्रतिफल, पुरस्कार: राज्यपाल श्री पटेल**

# राज्यपाल ने लोक भवन की पुरस्कृत 63 पुष्प किस्मों का किया अवलोकन

**अनोखा तीर, भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में प्रदर्शित लोक भवन के पुष्पों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया। उन्होंने लोक भवन को प्राप्त पुरस्कारों की जानकारी ली। लोकभवन उद्यानों के रखरखाव से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेहनत और निष्ठा से किए गए कार्य सदैव उत्कृष्ट होते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त पुरस्कार कर्मचारियों की कार्य-निष्ठा और समर्पण का प्रतिफल हैं। फूलों की देखभाल में बहाया गया पसीना ही इन पुरस्कारों का प्रसाद है। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में 63 किस्मों को पुरस्कार मिलना हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पुरस्कृत किस्मों में से 42 पुष्पों को प्रथम तथा 21 पुष्पों को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त होना एक विशिष्ट उपलब्धि है। राज्यपाल श्री पटेल लोक भवन की प्रदर्शनी में पुरस्कृत पुष्पों का अवलोकन करने के लिए लाल कोठी के सामने स्थित पुरानी तोप प्रांगण पहुँचे। उन्होंने प्रत्येक पुरस्कृत पुष्प किस्म का अवलोकन किया तथा पुरस्कारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल श्री पटेल को बताया गया कि भोपाल में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष-2026 राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी संस्थानों तथा कृषकों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में लोक भवन के पुष्पों की बड़ी संख्या में पुरस्कार प्राप्त होने के दृष्टिगत नियंत्रक, हाउसहोल्ड लोकभवन को शील्ड प्रदान कर अलंकृत किया गया। उनको बताया गया कि कृषक कल्याण वर्ष-2026 राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में साल्विया, पिंक, एस्टर, डॉगफ्लावर, सिनेरिया, हाइब्रिड डहेलिया, देशी डहेलिया, मिनी-डहेलिया, डायनामोर, स्वीट-विलियम, स्वीट-एलायसम, वर्बीना, कैलेंडुला, बिजली, सिलोसिया आदि मौसमी फूलों के गमले एवं कट-फ्लावर तथा गुलाब की विभिन्न किस्में–एच.टी. रोज (लाल, गहरे गुलाबी, हल्के गुलाबी, पीले, सफेद, ऑरेंज, मौव-पर्पल, बहुरंगी, धारदार, सुगंधित), फ्लोरीबंडा (गुच्छ पुष्प), फ्ल्यूटी, समर स्नो, पोलिएंथा, मिनिएचर आदि के गमले एवं कट-फ्लावर प्रदर्शित किए गए थे।

# भोपाल निगम कमिश्नर पर अवमानना कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

**डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर लगाया स्टे, अगली सुनवाई 18 फरवरी को**

**अनोखा तीर, जबलपुर।** भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उन्हें कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट का दोषी माना गया था। दरअसल, हाईकोर्ट में जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने भोपाल नगर निगम को अवैध निर्माण गिराने के मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई गाइडलाइन का पालन नहीं किया, जो कानून के राज के खिलाफ माना गया। यह आदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने मार्लिन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड बनाम नगर निगम भोपाल मामले में गुरुवार को दिया था। सिंगल बेंच ने आयुक्त संस्कृति जैन को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए 6 फरवरी 2026 को सजा सुनाने के लिए सुनवाई तय की थी। भोपाल नगर निगम ने सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में मामला उठाया। शुक्रवार को हुई सुनवाई में बेंच ने पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और अगली सुनवाई 18 फरवरी को तय की।

**मुख्यमंत्री ने कवि प्रदीप की जयंती पर किया स्मरण : भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव मोहन ने मध्यप्रदेश के रत्न, कवि प्रदीप जी की जयंती पर उनका स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धेय प्रदीप जी ने देश भक्ति गीतों से नव ऊर्जा का संचार किया। उनकी कृतियों के हर शब्द राष्ट्र सेवा की प्रेरणा और समर्पण के संकल्प को मजबूत करते हैं।

# ट्रेनों में महिलाओं के गले से मंगलसूत्र झपटने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

## इटारसी जीआरपी ने आरोपियों से 1 लाख 86 हजार का मशरुका बरामद किया



**अनोखा तीर, इटारसी।** चलती ट्रेनों में महिला यात्रियों को निशाना बनाकर मंगलसूत्र झपटमारी करने वाले शातिर गिरोह पर जीआरपी इटारसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो मंगलसूत्र सहित कुल 1 लाख 86 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें केंद्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया। जीआरपी पुलिस द्वारा बताया गया कि आरोपी रेलवे प्लेटफॉर्म के छोर पर खड़े होकर ट्रेन के छूटते समय या सिग्नल के पास धीमी होने का इंतजार करते थे। जैसे ही ट्रेन गति पकड़ती, वे पलक झपकते ही महिला यात्रियों के गले से मंगलसूत्र झपटकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो जाते थे। खास तौर पर खिड़की के पास बैठी महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट बनाते थे, ताकि पीड़ित कुछ समझ पातीं, उससे पहले ही ट्रेन आगे बढ़ जाए।

### महिला यात्री से झपटमारी का मामला

प्रकरण की शिकायतकर्ता सोमवारी गुप्ता पति मिठाई लाल गुप्ता उम्र 49 वर्ष निवासी चर्च रोड मालवाड़ा, सिंह एसटीडी पुणे, 01 फरवरी 2026 को अपने परिवार के साथ ट्रेन 11071 कामायनी एक्सप्रेस के कोच एस-4, बर्थ नंबर 78 पर पुणे से फूलपुर की यात्रा कर रही थीं। ट्रेन के इटारसी स्टेशन से धीमी गति से निकलते समय अज्ञात बदमाश ने उनके गले से लगभग एक तोला वजनी मंगलसूत्र, जिसकी कीमत करीब 75 हजार रुपए थी, झपट लिया और चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया।

### 400 से अधिक सीसीटीवी खंगाले

महिला यात्री के साथ हुई गंभीर झपटमारी की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा (भापुसे) के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल नीतू सिंह डावर एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल इटारसी महेंद्र सिंह कुल्हारा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी इटारसी संजय चौकसे के नेतृत्व में टीम ने लगातार अनुसंधान किया। टीम द्वारा इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, पिपरिया, भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 400 सीसीटीवी कैमरों की दिन-रात जांच की गई और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। बताया गया कि 05 फरवरी 2026 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि इटारसी आउटर, जबलपुर छोर पर दो संदिग्ध युवक बैठे हैं। सूचना पर जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस को देख दोनों युवक भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सोनू अहिरवार पिता पूरन अहिरवार 22 वर्ष, निवासी बंदीछोड़, पिपरिया, जिला नर्मदापुरम एवं आशीष कुशवाह पिता दयाराम कुशवाह 19 वर्ष, निवासी मेहरोनी जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश बताया। सीसीटीवी फुटेज से मिलान और पूछताछ के दौरान दोनों ने कामायनी एक्सप्रेस व पातालकोट एक्सप्रेस से यात्रा कर महिला यात्रियों से मंगलसूत्र झपटमारी की वारदातें स्वीकार कीं। आरोपियों के कब्जे से दो मंगलसूत्र एवं 19 सोने के दाने, कुल कीमत 1 लाख 86 हजार रुपए, विधिवत जप्त किए गए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें केंद्रीय कारागार नर्मदापुरम भेज दिया गया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी जीआरपी इटारसी संजय चौकसे के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्रीलाल पड़रिया, प्रधान आरक्षक रानू अतुलकर, अ दीपक सेन, योगेश दीक्षित, अमित कुशवाह, बबलू, आरपीएफ प्रधान आरक्षक सूरज सिंह तोमर (सीबीआई भोपाल), प्रधान आरक्षक आनंद पवार एवं आरक्षक निर्मल पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक रेल द्वारा पूरी टीम को विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

## सार-समाचार

### नगर में पांच घंटे बिजली बंद रहेगी

**अनोखा तीर, माखननगर।** नगर में आज शनिवार को 5 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 7 फरवरी शनिवार को शहर में सड़क चौड़ीकरण के कार्य अंतर्गत लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। इस कारण 11 केवी माखन नगर शहर की सप्लाई 11 बजे से 04 बजे तक बंद रहेगी।

### अमृत काल में विकसित भारत की मजबूत नींव है 2026 का बजट: राज्यसभा में सांसद

- यह सरकार सत्ता नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के सपनों का निर्माण कर रही

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संसद के उच्च सदन में केंद्र सरकार की नीतियों और 2026 के बजट का जोरदार समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल प्रशासन नहीं चला रही, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के नूतन भारत का सशक्त पुनर्निर्माण कर रही है। सांसद नारोलिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्ष 2026 भारत की विकास यात्रा का स्वर्णिम कालखंड है, जहां देश गुलामी की मानसिकता और पुरानी बेड़ियों को तोड़कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसे अमृत काल का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि आज का भारत



अपनी गौरवशाली विरासत पर गर्व भी करता है और आधुनिकता को आत्मसात भी करता है। गरीब, किसान, महिला और जवान - सबके लिए विकास उन्होंने बताया कि गरीबों के उत्थान और राष्ट्र के सम्मान के लिए केंद्र सरकार ने 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराकर उनके सिर पर सम्मान की छत दी है। हर घर जल योजना के माध्यम से 12.5 करोड़ परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया, जिससे माताओं-बहनों को पानी की दैनिक कठिनाइयों से मुक्ति मिली। वहीं, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन देकर महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा की गई। यह आंकड़ों का नहीं, सम्मान और न्याय का बजट है एक महिला सांसद के रूप में भावुक होते हुए सांसद नारोलिया ने कहा, यह विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन करोड़ों चेहरों की मुस्कान में दिखाई देता है जो वर्षों तक अंतिम पंक्ति में खड़े रहे। चाहे वह जनजातीय समाज का बच्चा हो, सीमाओं की रक्षा करता जवान हो या खेत में पसीना बहाता किसान - मोदी सरकार की योजनाओं ने हर घर में आशा और खुशहाली का दीप जलाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2026 का बजट और सरकार की दूरदर्शी नीतियां भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत मील का पत्थर सिद्ध होगी। अंत में सांसद माया नारोलिया ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का पूर्ण समर्थन करते हुए सभी से 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए एकजुट होकर योगदान देने का आह्वान किया।

### गर्भवती महिलाओं की चार जांच अनिवार्य, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरसूद में हरसूद और किल्लौद विकासखंड के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की कम से कम चार बार स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि किसी भी संभावित जटिलता का समय पर उपचार किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच की प्रगति कम है, वहां विशेष शिविर आयोजित कर सभी का परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी



जुगतावत भी उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व कलेक्टर ने हरसूद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। इसके अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण, एनसीडी एवं ई-संजीवनी कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक मोतियाबिंद रोगियों की पहचान कर उनके निशुल्क ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र में कभी भी पलंग खाली न रहे और प्रत्येक कुपोषित बच्चा इसका लाभ प्राप्त करे। उन्होंने ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने हरसूद विकासखंड के ग्राम मांडला और छनेरा की एएनएम तथा ग्राम मोजबाड़ी माल के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी आरडी बकोरिया, रश्मि कौशल, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी हरसूद आशीषराज मिश्रा, खंड चिकित्सा अधिकारी किल्लौद नीलम मिश्रा, जिला क्षय अधिकारी शक्ति सिंह, एपिडिमियोलॉजिस्ट योगेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शासकीय महाविद्यालय में निःशुल्क स्टेशनरी वितरण

**अनोखा तीर, खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शासन के नि:शुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के




छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के पश्चात विधायक तनवे ने महाविद्यालय के पुस्तकालय का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, पूर्व पार्षद संदेश गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य एसपी सिंह, प्रोफेसर कुलदीप सिंह फरे सहित महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शादी की खुशियों में पसरा मातम, परिवार की छोटी बेटी की मौत

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** क्षेत्र के ग्राम जमुनिया के एक परिवार में बेटी की शादी में उसकी छोटी बहन की मृत्यु से परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सूचनाकर्ता मोहनलाल पिता फूलसिंह विश्वकर्मा 55 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया सेमरी रंधीर के द्वारा इस आशय की सूचना दी गई कि इसकी तीन लड़की हैं, बड़ी लड़की की शादी हो गई है। मोहनलाल ने बताया कि 5 फरवरी 2026 को उसकी मझली लड़की मालती की शादी का कार्यक्रम बाबई रोड स्थित शादी भवन में था एवं बारात घर पर आई हुई थी। सभी लोग शादी के कार्यक्रम में लगे हुए थे।

जहां छोटी लड़की रोशनी विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष दोपहर करीबन 02 बजे से घर पर सो रही थी। जिससे पूछने पर उसने बताया कि मेरा बहुत सिर दर्द कर रहा है मुझे सोने दो, तुम जाओ फिर शादी के कार्यक्रम में। रात करीबन 08 बजे किसी लड़की ने आकर बताया कि रोशनी जाग नहीं रही है। तब परिवार वालों के साथ रोशनी के पास जाकर जगाया तो वह कुछ नहीं बोल रही थी। जिसके बाद रोशनी को सरकारी अस्पताल सोहागपुर भेजा गया। जहां से परिवार वालों ने रात करीबन 11 बजे फोन पर बताया कि रोशनी को डॉक्टर के द्वारा चैक करने पर उसकी मृत्यु होना बताया गया। जिसके बाद थाना में सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतिका रोशनी विश्वकर्मा का पंचनामा पीएम के बाद शव को परीजनों को सौंपा गया है। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृत्यु का कारण अज्ञात है प्रथम दृष्टया रोशनी की मृत्यु कोई जहरीली चीज खा लेने से होना प्रतीत होती है। मृतिका का बिसरा इत्यादी परीक्षण के लिए जप्त किया गया है। जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा, आगे की जांच की जा रही है।

# नर्मदापुरम ने भोपाल को 186 रनों से रौंदा

## ऋत्विक का गेंद से कहर, 7 विकेट झटक बने जीत के नायक

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** एमपीसीए ग्राउंड पर आयोजित सीनियर मेंस संभाग स्तरीय महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल संभाग को 186 रनों से पराजित किया। इस जीत के साथ नर्मदापुरम टीम ने बोनस अंक सहित कुल 7 अंक अर्जित किए। नर्मदापुरम



संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे दिन नर्मदापुरम टीम ने अपनी पहली पारी 178 रन पर 6 विकेट से आगे खेलते हुए आर्यन देशमुख की महत्वपूर्ण 41 रनों की पारी की बदौलत स्कोर 253 रन तक पहुंचाया। पहली पारी की 63 रनों की बढ़त के साथ भोपाल को जीत के लिए 317 रनों का लक्ष्य मिला। भोपाल की ओर से गेंदबाजी में सार्थक सोनी, पृथ्वीराज तोमर और पवन निर्वाणी ने 3-3 विकेट, जबकि अंकित डांगी ने 1 विकेट हासिल किया।

**लक्ष्य का पीछा करते हुए भोपाल ढेर :** 317 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल संभाग की टीम नर्मदापुरम के गेंदबाज ऋत्विक दीवान के सामने पूरी तरह बिखर गई। ऋत्विक की घातक गेंदबाजी के आगे भोपाल के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और पूरी टीम मात्र 130 रनों पर सिमट गई। ऋत्विक दीवान ने 7 विकेट झटक कर मैच को एकतरफा बना दिया। उनके अलावा हिमांशु शिंदे ने 2 विकेट और प्रशांत ने 1 विकेट प्राप्त किया। मैच में कुल 13 विकेट लेने वाले ऋत्विक दीवान और शानदार शतकीय पारी खेलने वाले राहुल चंद्रौल को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया। नर्मदापुरम की इस शानदार जीत पर कोच सुनील शर्मा, मैनेजर मनोहर बिल्थरिया और ट्रेनर ऋषि प्रजापति सहित पूरी टीम को नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। मैच में अंपायर की भूमिका हर्षित जैन एवं नीरज तिवारी ने निभाई, जबकि स्कोरर संदीप सतनामी रहे। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार एमपीसीए ऑब्जर्वर हर्ष पांडेय, चयन समिति के चेयरमैन सोहेल अंसारी, मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा, कुलभूषण मिश्रा एवं संजय नाफेड द्वारा प्रदान किया गया। मैच के दौरान दोनों टीमों के कोच, मैनेजर, ट्रेनर सहित ग्राउंड स्टाफ भी मौजूद रहा।

# साहसिक खेलों में समेरिटंस के विद्यार्थियों ने बिखेरे जलवे

## पचमढ़ी में आयोजित 27वें साहसिक खेलों में दिखाया अद्भुत साहस और कौशल



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** हाल ही में पचमढ़ी में आयोजित 27वें साहसिक खेल प्रतियोगिता में समेरिटंस विद्यालय, माखन नगर के विद्यार्थियों ने अपने साहस, कौशल और आत्मविश्वास से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न चुनौतीपूर्ण खेलों में भाग लेकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में तरुण यादव, अरहान खान, गौरव मेहरा, हर्ष यादव, शिप्रा मीना, भव्या यादव, आव्या खान, मेघा मंडल एवं पल्लवी कोल ने रॉक क्लाइम्बिंग, पैरा ग्लाइडिंग, शूटिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को इन खेलों के लिए विद्यालय की खेल शिक्षिका जया मालवीय तथा प्रशिक्षक गणेश बिसरे, लखन सोनी और मनमोहन झिंगारे का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिनके सहयोग से विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अयोध्या से लौट कर आए राम फेरी मंडल का शहर में हुआ भव्य स्वागत

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** प्रभु श्री राम के दर्शन कर लौटे कर आए रामफेरी मंडल का संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। अयोध्या यात्रा पर गए केके यदुवंशी, बृज लोवंशी, विष्णु लोवंशी, विष्णु मालवीय, रामकृष्ण लोवंशी, चैन सिंह ईरपाचे सहित लगभग 40 श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम के दर्शन किए तथा श्री राम नाम बैंक में 4 करोड़ हस्तलिखित राम नाम समर्पित कर धर्मलाभ प्राप्त किया। रामफेरी मंडल के लौटने पर



नगरवासियों द्वारा ढोल-नगाड़ों, पटाखों एवं आतिशबाजी के साथ श्रद्धालुओं का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगरवासी युवा नेता अजय पटेल, दीपक दीक्षित और आशीष मालवीय सहित नगर वासियों ने सभी अयोध्या से लौट कर आए श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। अजय पटेल ने कहा कि नगर के श्रद्धालुओं द्वारा अयोध्या जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन करना और राम नाम लेखन जैसा पुण्य कार्य करना गौरव की बात है। ऐसे धार्मिक कार्य समाज में भक्ति और संस्कारों को मजबूत करते हैं। दीपक दीक्षित ने कहा कि रामफेरी मंडल की यह अयोध्या यात्रा केवल दर्शन तक सीमित नहीं रही, बल्कि श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम के चरणों में करोड़ों राम नाम समर्पित कर अपनी आस्था और समर्पण भाव को प्रकट किया। प्रभु श्री राम के नाम से जुड़ा यह अभियान सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

# बिजली चोरी के सूचनाकर्ता को मिलेगा 50 हजार रुपए तक का इनाम

## पारितोषिक की पांच फीसदी राशि अथवा 25 हजार रुपए का तुरंत भुगतान

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर अधिकतम 50 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। इसमें से 5 प्रतिशत राशि जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रुपए तुरंत तथा शेष 5 प्रतिशत राशि जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रुपए इस तरह से कुल प्रोत्साहन राशि 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपए का भुगतान पूर्ण वसूली उपरांत किया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा बाकि पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत किया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि इस योजना में 01 अप्रैल 2025 से अब तक 167 सफल



सूचनाकर्ताओं को 02 लाख 06 हजार हजार रुपउ सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं। इसके साथ ही जांच एवं वसूली की कार्यवाही करने वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि का भुगतान उनके मासिक वेतन में जोड़कर किया गया है। कंपनी द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व कुल 63 प्रकरणों में पूर्ण राशि का भुगतान प्राप्त होने पर 07 सफल सूचनाकर्ताओं को उनके खाते में 2 लाख 18 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है। कंपनी में कार्यरत निपमित कर्मचारी - संविदा-आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है, परंतु उसे सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के उपरांत बनाये गए पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गई राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। अतः कंपनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जांच एवं वसूली के कार्य में सम्मिलित बाड़ा स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजना के तहत दी जाने वाली 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि को सभी संबंधितों को समान रूप में दिया जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि पारितोषिक योजना की पूरी जानकारी जैसे बिलिंग, भुगतान से संबंधित गतिविधियां पूरी तरह से गोपनीय और ऑनलाइन है। अब सूचनाकर्ता को कंपनी के पोर्टल पर गुप्त रूप से दिए गए प्रारूप में बैंक खाता, पहचान क्रं (आधार अथवा पेन) देना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, उन शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए कंपनी मुख्यालय के द्वारा सतत रूप से निगरानी भी रखी जा रही है।

### पोर्टल अथवा उपाय एप पर देनी होगी सूचना

कंपनी द्वारा योजना में सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट पोर्टल एमपीसीजेड.इन पर जाकर इनफारमर स्कीम लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है, एवं उपाय एप के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा समस्त नागरिकों के साथ-साथ आउटसोर्स कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गुप्त सूचना देकर, पारितोषिक योजना का लाभ उठाकर कंपनी को सहयोग प्रदान अवश्य करें।

## सार-समाचार

# ग्रामवासियों ने आरक्षित वन घोषित करने के निर्णय पर जताया आक्रोश

### आदिवासियों में बढ़ा तनाव

**अनोखा तीर, बैतूल।** शाहपुर तहसील अंतर्गत ग्राम भातना, छिमरी और अन्य गांवों के निवासियों ने आरक्षित वन घोषित करने के निर्णय पर आक्रोश जताया है, जिससे आदिवासियों में तनाव बढ़ गया है। ग्रामवासियों का आरोप है कि उनके गांवों की दखल रहित भूमि को आरक्षित वन घोषित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे उनके पालतू पशुओं के चरने के लिए उपलब्ध भूमि कम हो जाएगी और उनकी जीवनशैली पर विपरीत असर पड़ेगा। ग्राम भातना की जमीन का विवरण है कि रकबा 8.498 हेक्टेयर है, जिसमें



खसरा नंबर 52, 66, 81, 82 शामिल हैं। ग्राम छिमरी की जमीन का विवरण है कि रकबा 43.059 हेक्टेयर है, जिसमें खसरा नंबर 01 शामिल है। ग्रामवासियों में गमरसा पिता हीरालाल ककोडिया, सलभत उइके, कमल लेकाम, अशोक उईके, रूपेश इउके, रसा, फूलवती, हरलालसुरेश, उसके दीपचंद बाबूराम, छोटूराम और अन्य शामिल हैं, जिन्होंने निर्णय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आदिवासी नेता हेमंत सरयाम ने भी इस निर्णय पर आपत्ति जताई है और कहा है कि यह आदिवासियों के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की मांगों को सुनना और उनका समाधान करना आवश्यक है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि उनकी दखल रहित भूमि को आरक्षित वन घोषित करने का निर्णय निरस्त किया जाए और उनकी भूमि को यथावत चरनोई भूमि के रूप में रखा जाए। उन्होंने कहा है कि वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे और अपनी भूमि की रक्षा करेंगे।

# अमलतास होम्योपैथिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को आईएसओ 9001-2015 प्रमाणन

**अनोखा तीर, देवास।** अमलतास यूनिवर्सिटी कैंपस, उज्जैन-देवास हाईवे स्थित अमलतास होम्योपैथिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001-2015 का प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन क्वालिटी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (क्यूआरओ) द्वारा स्वतंत्र मूल्यांकन के उपरांत प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन ने कहा कि आईएसओ प्रमाणन संस्थान की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सतत सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि शिक्षण, चिकित्सा सेवाओं एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में उच्च मानकों को अपनाने का परिणाम है। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रमाणन के अंतर्गत संस्थान की एनएबीएच मान्यता प्राप्त चिकित्सा शिक्षा, विषयवार ओपीडी सेवाएं, इनडोर रोगी देखभाल, पूर्णत: सुसज्जित पैथोलॉजी लैब, रेडियोलॉजी यूनिट, फिजियोथेरेपी यूनिट एवं योग सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया गया, जिसमें संस्थान सभी मानकों पर खरा उतरा। आईएसओ 9001-2015 प्रमाणन से मरीजों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के विश्वास में वृद्धि होगी तथा संस्थान भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### सिविल अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

# जरूरतमंद रोगियों के लिए एकत्रित किया 38 यूनिट रक्त

**अनोखा तीर, कन्नौद।** स्थानीय सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष हुकुम जाट के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक जरूरतमंद को आसानी से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विकासखंड पर प्रतिमाह रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी



जरूरतमंद की जान बचा सकता है। सिविल अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों ने शिविर में रक्तदान कर आम लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। आयोजित रक्तदान शिविर में 38 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ और सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। रक्तदान शिविर में रक्त ले जाने के लिए जिला चिकित्सालय देवास ब्लड बैंक की टीम आई थी। शिविर में रक्तदान करने वालों में न्यायाधीश कुंदन कुशवाहा के साथ बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा, डॉ. ज्योति चौहान, गोविंदा धूत, मंथन मीणा आदि शामिल रहे। इस अवसर पर बीसीएम विनोद भंवर, सेक्टर सुपरवाइजर आरपी परमार, शोभा कुकड़े, लैब टेक्नीशियन राम चौहान, महेंद्र जादौन, शिप्रा चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अर्चना उपाध्याय, अंजू प्रजापत, सोफिया शातवंत, हरीश शर्मा, अन्नपूर्णा सांवले, ज्योति यादव एवं सिविल अस्पताल कन्नौद का स्टाफ उपस्थित रहा।

### वयोवृद्ध कमलाबाई का निधन



**अनोखा तीर, देवास।** स्व. ठाकुर सज्जन सिंह की धर्मपत्नी, ठाकुर राजेश सिंह की माताश्री तथा कुंवर शैलेंद्र सिंह की दादी मां श्रीमती कमलाबाई जी का निधन हो गया। वे लंबे समय से परिवार की श्रद्धा, स्नेह और संस्कारों का केंद्र थीं। उनके निधन से परिवारजनों, रिश्तेदारों तथा परिचितों में गहरा दु:ख व्याप्त है। दिवंगत कमलाबाई जी की अंतिम यात्रा उनके निजी निवास से श्रद्धा और नम आंखों के साथ निकाली गई। जिसमें परिजन एवं शुभचिंतकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें, तथा शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में संबल दें।

### पचमढ़ी में आस्था का महापर्व शुरू, महाशिवरात्रि मेले का भव्य शुभारंभ

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल, टैक्सी किराया तय

अनोखा तीर, नर्मदापुरम।



पचमढ़ी मध्यप्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 6 फरवरी से श्रद्धा, समर्पण और विश्वास का अनुपम संगम कहे जाने वाले प्रसिद्ध महाशिवरात्रि महादेव मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया। मेले के पहले दिन से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पचमढ़ी की सुरम्य वादियों में स्थित प्राचीन चौरागढ़ महादेव मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा चौरागढ़ मंदिर परिसर में आरओ प्लांट स्थापित किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार इस वर्ष पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष फिल्टर प्लांट लगाया गया है। पेयजल की शुद्धता बनाए रखने के लिए प्रतिदिन पानी की टेस्टिंग की जाएगी। जांच में शुद्ध पाए जाने के बाद ही पानी को वाटर फिल्टर प्लांट से पाइपलाइन के माध्यम से मंदिर परिसर एवं अन्य निर्धारित पेयजल केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उच्च शिखर पर स्थित चौरागढ़ मंदिर में भी श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा पूर्व में ही पेयजल की नियमित जांच के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। टैक्सी किराया 50 रुपए, व्यवस्थाएं चाक-चौबंद महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पचमढ़ी से महादेव तक टैक्सी किराया 50 रुपए निर्धारित किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं आवागमन की व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूरे मेला क्षेत्र में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लगातार व्यवस्थाओं पर निगरानी रखेंगे। इसके साथ ही पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई है, जो मेला अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सतत रूप से मुस्तैद रहेंगे।


# पाथाखेड़ा पुलिस ने जप्त किया अवैध परिवहन करते कोयला से भरा ट्रैक्टर

अनोखा तीर, बैतूल।

पाथाखेड़ा पुलिस ने अवैध परिवहन करते कोयला से भरा टैक्टर को जप्त किया। उक्त कार्यवाही एसडीओपी सारनी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार छतस्पुर-02 खदान के पीछे दुमकाढाना कच्चा रास्ता में एक बिना नंबर का नीले सफेद रंग का स्वराज 735 एफइइ ट्रेक्टर-ट्राली आते हुए दिखा। जहां ट्रेक्टर चालक पुलिस को देखकर बड़ी तेजी से चलाते हुये दुमकाढाना की ओर ले जाते दिखाई दिया। पाथाखेड़ा पुलिस द्वारा उक्त ट्रेक्टर का पीछा करने पर दुमकाढाना रास्ते में ट्रेक्टर ट्राली को छोड़कर चालक जंगल में भाग गया। जिसके पास पुलिस द्वारा ट्रेक्टर-ट्राली की जांच करने पर उसमें कोयला की चूरी भरी पाई गई। जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई। जिसके बाद उक्त अपराध धारा 303 (2) बीएनएस का होने से बिना नंबर का नीले सफेद रंग का




स्वराज ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में पुलिस टीम निरीक्षक जयपाल इनवाती थाना प्रभारी सारनी, उपनिरीक्षक मनोज कुमार उईके चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, सहायक उपनिरीक्षक अजय भाट, प्रधान आरक्षक मनोज डेहरिया, आरक्षक राकेश करपे एवं आरक्षक चालक नितिन यादव की भूमिका रही।



### जबलपुर की 8 दुल दुल घोड़ी और मयूर नृत्य बढ़ाएंगे शिव बारात की भव्यता

# 50 कलाकारों के साथ भारत धमाल ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति बनेगी आकर्षण

अनोखा तीर, बैतूल।

15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव भोलेनाथ की दिव्य शिव बारात इस बार और भी भव्य और आकर्षक रूप में नजर आएगी। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति के सदस्य बिट्टू ठाकुर ने बताया कि जबलपुर की प्रसिद्ध 8 दुल दुल घोड़ी और मनमोहक मयूर नृत्य की प्रस्तुति शिव बारात में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह दल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है और विभिन्न मंचों पर अपनी प्रस्तुति से ख्याति अर्जित कर चुका है। ठाकुर ने बताया कि पारंपरिक साज-सज्जा और कलात्मक प्रस्तुति के साथ 8 दुल दुल घोड़ी दल शिव बारात में शामिल होगा। इसके साथ मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। समिति का मानना है कि इस प्रस्तुति से बारात का धार्मिक उल्लास और भी बढ़ेगा।

**भारत धमाल ग्रुप के 50 कलाकार देंगे भजनों की संगीतमय प्रस्तुति-** समिति के अनुसार बैतूल का प्रसिद्ध भारत धमाल ग्रुप अपने 50 साथियों के साथ धार्मिक भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां देगा। यह ग्रुप अजमेर, इंदौर, गोंदिया और नागपुर जैसे बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतियों से पहचान बना चुका है और अब शिव बारात में भक्ति संगीत की विशेष छटा बिखेरेगा। समिति के निक्की ठाकुर ने बताया कि जय सेवा डंडार मंडल मरकढ़ाना तहसील घोड़ाडोंगरी एक आदिवासी लोकनृत्य मंडल है। यह मंडल हरियाली अमावस्या यानी जिरौती त्यौहार के आसपास अपने नृत्य की शुरुआत करता था और दीपावली तक इसे संपन्न करता था, लेकिन अब आदिवासी परंपरा को मजबूती देने और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले की लगभग सभी तहसीलों में आयोजित डंडार प्रतियोगिताओं में भाग लेता है।

### डंडार प्रतियोगिताओं में लगातार प्रथम पुरस्कार प्राप्त

निक्की ठाकुर ने बताया कि जय सेवा डंडार मंडल मरकढ़ाना ने ग्राम नरेरा में आयोजित डंडार प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके बाद मोहनढाना, बारगवाड़ी, दूल्हारा, सारनी, मलाजपुर, रतनपुर, नहरपुर, बटकी, भीमपुर और बैतूल सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में अपनी प्रस्तुति के आधार पर पुरस्कृत हुआ। शिव बारात में यह मंडल आदिवासी लोकसंस्कृति की सशक्त प्रस्तुति देगा।

### ऑल इंडिया पेंचक सिलाट चैंपियनशिप

# उत्तराखंड में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

अनोखा तीर, देवास।

देहरादून उत्तराखंड में आयोजित तृतीय ऑल इंडिया पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का आयोजन 29 से 31 जनवरी 2026 को परेड ग्राउंड स्थित इनडोर स्टेडियम में किया गया। जिसमें समापन अवसर पर उत्तराखंड की खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मप्र के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख ने बताया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। देवास, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, रायसेन, धार, रतलाम जिले के 42 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर 14 स्वर्ण पदक, 12 रजत और 3 कांस्य पदक टोटल 29 पदक जीते। इसमें देवास के 10 खिलाड़ी ने भाग लिया। देवास की खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर वैष्णवी झाला ने अपने तीन इवेंट्स में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीता। विभिन्न आयु वर्गों और स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। बताया गया कि देवास के विजेता




खिलाड़ी - सीनियर महिला वर्ग में रेगु टीम इवेंट में देवास की ज़ैनब खान, महिमा पटेल एवं खुशी कौशल ने रजत पदक अर्जित किया। जूनियर वर्ग में सोलो इवेंट में वैष्णवी झाला देवास ने स्वर्ण पदक जीता। गांडा डबल इवेंट में वैष्णवी झाला एवं वैष्णवी सूर्यवंशी ने रजत पदक जीता। टुंगल इवेंट्स में सिंगल में हर्षिल पटेरिया देवास ने स्वर्ण पदक, सब जूनियर वर्ग टुंगल इवेंट्स में क्रिश अन्नामलाई देवास ने स्वर्ण पदक जीता। मैकेन कैटेगरी में सोलो इवेंट मे श्रेयस पटेरिया देवास ने रजत पदक जीता और फाइट में कांस्य पदक जीता। टैंडिंग फाइट इवेंट जूनियर वर्ग में वैष्णवी झाला देवास ने -47 किग्रा कांस्य पदक जीता। देवास के विराज चक्रवर्ती का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एवं सचिव देवास के अभय श्रीवास, राष्ट्रीय रेफरी विनिता रायकवार रायसेन, तथा कोच विशाखा कोल जबलपुर एवं पंकज परासर भोपाल व टीम मैनेजर अभिषेक शर्मा रतलाम के शामिल रहे। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से खेल जगत में हर्ष का माहौल है। संस्था के समस्त पदाधिकारी रैफरी, कोच, सभी ने सभी विजेता और जो सिर्फ मेडल तालिका में नहीं पहुंच पाए उनको भी शुभकामनाएं और बधाई।



### विधायक ने 5 वार्डों में किया भूमिपूजन

# 80 लाख की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों की सौगात

**अनोखा तीर, देवास।** निरंतर हो रहे विकास कार्यों की कड़ी में 80 लाख की राशि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का 6 फरवरी को भूमिपूजन हुआ। विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के द्वारा महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ वार्ड क्रं 4, 15, 16, 19 और 42 में सीसी रोड, पेवर्स ब्लॉक, सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि विधायक श्रीमंत पवार ने वार्ड क्रं 4 में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा वार्ड क्रं 16 में 20 लाख की लागत से पेवर्स ब्लॉक तथा वार्ड 15 में 20 लाख की लागत से पेवर्स ब्लॉक वहीं वार्ड 19 में 20 लाख की लागत से गौतम नगर स्थित शीतला माता मंदिर गार्डन की बाउंड्रीवॉल निर्माण एवं पेवर्स ब्लॉक, वार्ड 42 में 10 लाख की लागत से बालाजी नगर में सामाजिक सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का वार्ड पार्षद एवं निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बैस, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, वार्ड पार्षद महेश फुलेरी, उषा खत्री, श्याम पटेल, राजा अकोदिया के साथ किया गया। विधायक श्रीमंत पवार ने वार्डवासियों को उनके वार्डों में किये जा रहे विकास कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवास के 45 ही वार्डों में बिना कोई भेदभाव से हो रहे विकाय कार्य की गति और तेजी से बढ़ेगी जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन कार्यों के लोकपर्ण के साथ शेष कार्य रह गए हैं उन कार्यों के भी शीघ्र भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन जोशी, मधु शर्मा, देवेन्द्र नवगोत्री, नितू जाधव, दुर्गेश चिल्लोरिया, शुभम चौहान, हिमान्शु राठौर, मिलिंद सोलंकी, आनंद चौधरी, अर्जुन चौधरी, गोपाल खत्री, विपुल अग्रवाल, शंकर भोले, जूगनू गोसवामी, उदयसिह फुलेरी, जितेन्द्र जायसवाल, सौदानसिंह दरबार व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा



**अनोखा तीर, नेमावर।** स्थानीय शासकीय सांदीपनि उमा विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा 2026 का नौवां संस्करण शुक्रवार को बेहद जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के लाखों छात्रों से संवाद किया। जिसमें सांदीपनि विद्यालय नेमावर के सभी बच्चे बड़े पर्दे पर इसे देखकर बहुत प्रेरित हुए। प्राचार्य राजेंद्र हथेल ने छात्रों से कहा, प्रधानमंत्री की यह पहल परीक्षा को तनाव का नहीं बल्कि आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का उत्सव बनाती है। आज हमने सीखा कि शंकाओं को खुलकर पूछें, समय का सही उपयोग करें और हल्के दिल से पूरा जोर लगाकर पेपर दें। हमारे सांदीपनि विद्यालय के सभी छात्र अब बोर्ड परीक्षाओं के लिए और अधिक तैयार और मजबूत महसूस कर रहे हैं। स्कूल में आज पूरा माहौल उत्सवी रहा। सभी कक्षाओं में लाइव प्रसारण दिखाया गया। बच्चे प्रधानमंत्री के हर जवाब को ध्यान से सुन रहे थे और तनाव कम करने, सकारात्मक सोच रखने के टिप्स नोट कर रहे थे। श्रीमती ललिता त्रिवेदी और प्रवीण बागोरा ने छात्रों के साथ बैठकर चर्चा की, मोटिवेशनल पोस्टर बनवाए और ग्रुप में छोटी-छोटी बातचीत करवाई विद्यालय के छात्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री की बातों से लगा कि परीक्षा डर नहीं बल्कि खुद को साबित करने का मौका है। हम अब बिना किसी टेंशन के पेपर देंगे। प्राचार्य हथेल ने सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और कहा कि सांदीपनि विद्यालय हमेशा बच्चों के सपनों के साथ खड़ा रहेगा।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

● बुधनी में लाल पत्थरों से हुआ सौंदर्यीकरण

# अब असामाजिक तत्वों के निशाने पर





गडरिया नाला फोर लेन ब्रिज के पास शहर प्रवेश की कलाकृतियां क्षतिग्रस्त

अनोखा तीर, बुधनी।

शहर को आकर्षक रूप देने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों, चौराहों और फुटपाथों पर लाल पत्थरों से किया गया सौंदर्यीकरण अब असामाजिक तत्वों की नजर में आ गया है। शहर प्रवेश क्षेत्र-गडरिया नाला फोर लेन ब्रिज के पास बनी रोटरी तथा आसपास लगाई गई लाल पत्थर की आकृतियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इससे जहां शहर की सुंदरता बिगड़ रही है, वहीं मजबूत पत्थर की कलाकृतियां भी नुकसान झेल रही हैं।

बुधनी नगर के अन्य इलाकों में भी कई स्थानों पर ऐसी तोड़फोड़ देखने को मिली है। इससे नागरिकों में नाराज़गी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर को सुंदर बनाने के लिए बड़े प्रयास किए गए थे, लेकिन कुछ शरारती तत्व इन प्रयासों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। निवासियों ने प्रशासन से सख्त निगरानी रखने व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि आगे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके और शहर की पहचान बनी रहे। लोगों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में भी इस तरह की घटनाएं बढ़ सकती हैं और नगर की छवि धूमिल हो सकती है। प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त संरचनाओं की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही

### -4 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नोटिस जारी

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के प्रकरणों के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर विधानसभा क्षेत्र 134-टिमरनी के 4 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नोटिस जारी किये है। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें उपवनक्षेत्रपाल वनमण्डल हरदा सुकुमार उइके व रामलाल मरापे, पशु चिकित्सा अधिकारी श्रीमती भावना रानी तथा उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मधुर सक्सेना शामिल है। सभी संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर उपस्थित होकर अपना प्रति उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।

## इनामी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आज

**अनोखा तीर, हरदा।** करीबी ग्राम नीमगांव स्थित शहीद अमृता देवी खेल परिसर में आज शनिवार को विशाल इनामी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें हरदा के अलावा देवास, बैतूल और नर्मदापुरम समेत अन्य जिलों की बैलजोड़ी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के एक दिन पहले खेल परिसर में तमाम तैयारियों को मूर्तरूप दिया गया है। दौड़प्रेमी बृज पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला इनाम 1 लाख 2 हजार रूपए रखा है। दूसरा इनाम 72 हजार रूपए, तीसरा इनाम 42 हजार रूपए, चौथा इनाम 22 हजार रूपए तथा पांचवा इनाम 51 सौ रूपए प्रदान किया जाएगा।

स्वच्छता की ओर कदम ....

# 1.30 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा एमआरएफ प्लांट

● मुक्तिधाम के सामने नपा की जमीन का हुआ सीमांकन



अनोखा तीर, हरदा।

मुक्तिधाम के सामने कचरे के बड़े ढ़ेर को व्यवस्थित करने के साथ-साथ उसके निष्पादन के लिए नगर पालिका ने ठोस कार्य योजना बनाई है। यहां 1.30 करोड़ रूपए की लागत से एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर बनाने की तैयारी है। इसके लिए नगर पालिका ने अपने स्वामित्व की .76 हेक्टेयर जमीन का सीमाकंन कराया है। जिसमें 25 डिसमिल जमीन पर कब्जे की बात सामने आई है। जिसे मुक्त कराने के लिए नगर पालिका ने तहसीलदार को पत्र लिखा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए राजस्व विभाग ने जल्द से जल्द जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने का भरोसा दिलाया है। सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले समय में नपा की जमीन से अतिक्रमण हटेगा, वहीं एमआरएफ कम्पोजिट प्लांट के निर्माण कार्य को गति मिलेगी। जिसके तैयार होते ही गीला-सूखा कचरा रिसाइकल किया जाएगा। इस पर गंभीरतापूर्वक काम चल रहा है। एक दिन पहले प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में शहर के 35 वार्डों से बड़ी मात्रा में कचरा रोजाना निकलता है। इसके निपटान की दिशा में ये कार्ययोजना खासा महत्व रखती है।

**एमआरएफ सेंटर में होगा कचरा रिसाइकल-** एमआरएफ सेंटर में सूखे कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में छांटा और रिसाइकिल किया जाता है। रिसाइकिल योग्य पदार्थों (प्लास्टिक, कागज, धातु) से आय होती है। मिश्रित सूखे कचरे में से प्लास्टिक, कागज, कार्ड बोर्ड, कांच और धातुओं को अलग-अलग किया जाता है। वहीं गीले कचरे के लिए कंपोस्ट प्लांट बनाते हैं। अलग-अलग गड्ढो में गीला कचरा रखकर एक प्रक्रिया से खाद तैयार की जाती है।

**डीपीआर बनाने का कार्य आदेश जारी -** इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में कचरा निपटान पर जोर दिया जा रहा है। नगर पालिका इस दिशा में कार्य कर रही है। नपा से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में 14 हजार 683 मिट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निष्पादन हो चुका है। वहीं लगभग 40 हजार मिट्रिक टन वेस्ट को निष्पादित करने डीपीआर बनाने का कार्य आदेश जारी हुआ है। डीपीआर बनने के बाद शासन को भेजी जाएगी। जहां से स्वीकृति मिलते ही काम को गति मिलेगी।

**इनका कहना...**

मुक्तिधाम के सामने नपा की जमीन का सीमांकन हो चुका है। जहां 25 डिसमिल जगह पर अतिक्रमण है। जगह को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए राजस्व अधिकारियों को पत्र लिखा है। जल्द ही जमीन अतिक्रमण मुक्त होगी।

कमलेश पाटीदार
मुख्य नपा अधिकारी हरदा

मोबाइल की लत..

# बच्चों से जवानों तक सेहत पर भारी पड़ता डिजिटल जहर

● आंखों से लेकर दिमाग और दिल तक कर रहा नुकसान, डॉक्टरों ने दी चेतावनी



अनोखा तीर, नर्मदापुरम।

मोबाइल फोन ने जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही यह अब सेहत के लिए खतरनाक भी साबित हो रहा है। बच्चों के हाथ में खिलौने की तरह पहुंचा मोबाइल आज युवाओं और जवानों के लिए डिजिटल ज़हर बनता जा रहा है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जरूरत से ज्यादा मोबाइल इस्तेमाल से शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। डॉ.अतुल सेठ ने बताया कि सुबह से रात तक स्क्रीन के सामने जिंदगी है। आज स्थिति यह है कि दिन की शुरुआत मोबाइल अलार्म से होती है और रात का अंत सोशल मीडिया स्क्रॉल करते हुए। औसतन एक व्यक्ति 6 से 8 घंटे मोबाइल स्क्रीन देख रहा है। यही आदत धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों को जन्म दे रही है।



### बच्चों पर सबसे गहरा असर

कम उम्र में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। डॉ.अतुल सेठा के मुताबिक मोबाइल स्क्रीन बच्चों में नजर कमजोर होना, ध्यान केंद्रित न कर पाना, भाषा विकास में देरी, चिड़चिड़ापन और जिद, पढ़ाई से दूरी जैसी समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। खेल के मैदान की जगह मोबाइल स्क्रीन ने ले ली है, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है।

**किशोर और युवा मानसिक दबाव में-** सोशल मीडिया की दुनिया ने किशोरों और युवाओं पर मानसिक दबाव बढ़ा दिया है। लाइक्स, फॉलोअर्स और तुलना की दौड़ में आत्मविश्वास की कमी, तनाव और बेचैनी, नींद की समस्या अवसाद जैसी स्थिति बन रही है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि यह डिजिटल एडिक्शन का सीधा परिणाम है।

**डॉक्टरों की चेतावनी**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का साफ कहना है कि अगर मोबाइल उपयोग पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में कम उम्र में ही गंभीर बीमारियों के मरीज बढ़ेंगे।

### जवानों में बढ़ रहीं शारीरिक बीमारियां

लगातार झुककर मोबाइल देखने से टेक्स्ट नेक सिंड्रोम, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और पीठ दर्द आम हो गया है। इसके साथ ही आंखों में जलन और माइग्रेन, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज हृदय रोग का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है।

**बचाव ही सबसे बड़ा इलाज-** विशेषज्ञों की सलाह—बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम तय करें। सोने से 1 घंटा पहले मोबाइल बंद करे, भोजन के समय मोबाइल से दूरी रखें, रोज कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें, सप्ताह में एक दिन डिजिटल डिटॉक्स अपनाएं।

### नींद और दिमाग पर सीधा हमला

जिला अस्पताल के एमडी डॉक्टर सुनील जैन ने बताया कि मोबाइल से निकलने वाली नीली रोशनी नींद के हार्मोन को प्रभावित करती है। इसके कारण देर से नींद आना बार-बार नींद टूटना, दिनभर थकान और चिड़चिड़ापन,अब आम समस्या बन चुकी है।

## दोस्ती की आड़ में हत्या, आरोपी दोस्त गिरफ्तार

● खेत दिखाने के बहाने जंगल ले जाकर नुकीले लोहे के पाइप से की हत्या

**अनोखा तीर, देवास।** कमलापुर थाना क्षेत्र के भमोरी गांव के पास 1 फरवरी को जंगल में हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर किया। हत्या मृतक के दोस्त ने ही की थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए हत्या के बाद भी आरोपी लोगों की भीड़ के साथ जंगल में मौजूद रहा। हालांकि बारीकी से जांच करने पर पूरे मामले का खुलासा हो गया। ग्राम भमोरी के समीप जंगल के सुनसान मार्ग पर दोपहर लगभग 12.55 बजे सतीश पाटीदार उम्र 35 वर्ष निवासी करनावद की अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से हमला कर निर्मम




हत्या करने की सूचना मिली थी। गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरा चैक किये गए। विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही जितेन्द्र पाटीदार उम्र 35 वर्ष निवासी करनावद को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने मृतक सतीश की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक सतीश पाटीदार व आरोपी के मध्य आपसी मतभेद के चलते उसने हत्या की साजिश बनाई। एक फरवरी को आरोपी ने मृतक को आलू का खेत दिखाने के बहाने जंगल के सुनसान मार्ग पर बुलाया। मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने नुकीला लोहे के पाइप से मृतक के सिर पर जोरदार हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरोपी पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से स्वयं घटनास्थल पर उपस्थित होकर ग्रामीणों के बीच चर्चा करता रहा, ताकि उस पर किसी प्रकार का संदेह न हो। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप एवं मोटरसाईकिल जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण..



## महिला दर्जी एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन

अनोखा तीर, हरदा। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हरदा द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित महत्वपूर्ण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत महिला दर्जी एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनआरएलएम डीपीएम रामनिवास कालेश्वर एवं डीएम राधेश्याम जाट उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात प्रतिभागी स्वरोजगार अथवा स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक दिनेश कुमार शाक्य एवं सीनियर फैकल्टी सुरेश धनगर ने संस्थान की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्थान कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार की स्थापना में सहयोग करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान में आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत अगरबत्ती निर्माण, घरेलू विद्युत एवं मोटर ड्राइविंग के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं। इच्छुक हितग्राही संस्थान में आकर शीघ्र पंजीयन कर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## बालिका छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर, जिला हरदा द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास, हंडिया जिला हरदा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर हरदा की केसवर्कर ऋतु राजपूत द्वारा उपस्थित बालिकाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं-जैसे आपातकालीन सहायता, चिकित्सीय सहायता, विधिक सहायता, पुलिस सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आवास (शेल्टर), पुनर्वास सहायता तथा 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके अतिरिक्त 112, 1098, 1930 एवं 15100 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। अंत में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया गया।

### आईटीआई में रोजगार मेला 'युवा संगम' 12 को

अनोखा तीर, हरदा।

निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले 'युवा संगम' का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 12 फरवरी को प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।

# बुधनी सिविल अस्पताल में डिलवेरी के लिए मांगे 4 हजार, 1500 में सौदा पटा

● केंद्रीय कृषि मंत्री के क्षेत्र में मांगी जा रही खुलेआम रिश्वत

अनोखा तीर, बुधनी।

प्रदेश की महिलाओं को लाड़ली बहन बनाने वाले केंद्रीय कृषि मंत्री मामा शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले की बुदनी विधानसभा में लाड़ली बहनों को मां बनने पर अस्पताल में रिश्वत के रुपए देने पड़ रहे हैं। बुदनी अस्पताल में बच्चों के जन्म के बाद परिजनों से बधाई के तौर पर रुपए लिए जा रहे हैं। बधाई की राशि सुनकर आपके कान खड़े हो जाएंगे। बच्चें को सौंपने के 4000 रुपए की मांग परिजनों से की गई। लेकिन मामले में 1500 रुपए देकर सौदा पटा। पूरा मामला 3 फरवरी का है। बुदनी निवासी वशीम पिता हबीब की पत्नी को डिलेवरी के लिए भर्ती किया गया था। लेकिन स्टॉफ द्वारा 4000 रुपए की मांग की गई। इसके बाद पूरा मामले में 1500 रुपए दे भी दिए। लेकिन यह मामला उजागर हुआ तो 1500 रुपए शिकायत कर्ता को वापस कर दिए गए। इस पूरे मामले की शिकायत बीएमओ से शिकायत कर्ता ने खिलित में क है। वशीम ने बताया कि महिला की डिलीवरी के बाद अस्पताल कर्मियों ने उनसे 4000 रुपए की मांग की। जब परिजनों ने यह कहते हुए विरोध किया कि सरकारी योजना के तहत प्रसव सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क है। तब स्टाफ ने कथित तौर पर नवजात शिशु को सौंपने के नाम पर 1500 रुपए अतिरिक्त वसूल लिए। परिजनों ने बताया कि उस समय मां और बच्चे




की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता थी, यही वजह रही कि उन्होंने मजबूरी में पैसे दे दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी बरोडिया एमएस ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं, जिनके आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।